• जयपुर, गुरुवार 26 फरवरी 26 • वर्ष 15 • अंक 177 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIN/2011/40950

सुविचार

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

पेज @3 बाल विवाह मुक्ति रथ को जिला कलक्टर ने दिखाई हरी झंडी, गांव-गांव पहुंचेगा...
पेज @4 केंद्र/राज्य बजट के विरोध में भारतीय मजदूर संघ ने रेली निकाल किया...
पेज @8 20वीं ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल आज से...

कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय

# दो से अधिक संतान वाले भी लड़ सकेंगे पंचायतीराज और नगरपालिका चुनाव

## आर्थिक अपराधों की प्रभावी रोकथाम के लिए होगा राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय का गठन

## औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करने के लिए राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को विधानसभा सचिवालय में आयोजित मंत्रिमण्डल की बैठक में राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 लाने, राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन सहित कई महत्वपूर्ण फैसले किए गए।

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ एवं संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कैबिनेट बैठक के बाद विधानसभा में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया कि राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 की धारा-19 और राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा-24 में संशोधन कर राजस्थान पंचायती राज (संशोधन) विधेयक 2026 और राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक 2026 लाने का महत्वपूर्ण निर्णय किया गया है। इससे जिन व्यक्तियों के दो से अधिक संतान हैं वे पंचायतीराज संस्थाओं एवं नगरपालिकाओं के चुनाव लड़ सकेंगे। उन्होंने बताया कि दो से अधिक संतान पर चुनाव लड़ने का प्रतिबंध उस समय लागू किया गया था, जब जनसंख्या विस्फोट पर प्रभावी नियंत्रण की आवश्यकता थी। वर्ष 1991-94 के बीच प्रजनन दर 3.6 थी, जो वर्तमान में घटकर 2 रह गई है। ऐसे में इन प्रावधानों का प्रत्यक्ष प्रभाव अब कम होता जा रहा है।

पटेल ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनुपालना में राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 की धारा 24 में संशोधन कर धारा 2 को संशोधित करते हुए शब्द कुष्ठ रोग को खतरनाक रोग की श्रेणी से हटाया गया है। जिससे नगरपालिका के आगामी चुनाव में सभी व्यक्तियों को चुनाव लड़ने का समान अवसर मिल सकेगा और कुष्ठ रोगियों का सम्मान भी सुनिश्चित हो सकेगा।






### ● राजस्थान मंडपम एवं अन्य प्रोजेक्ट्स के संशोधित प्रस्ताव का अनुमोदन, 10 करोड़ की आय संभावित

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने बताया कि राज्य मंत्रिमण्डल की 23 अगस्त 2025 को आयोजित बैठक में टोंक रोड, बी2 बाईपास, जयपुर स्थित रीको की भूमि पर 3 हजार 55 करोड़ रुपये की लागत से राजस्थान मंडपम, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर एवं अन्य विकास कार्यों के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई थी। इस प्रस्ताव के अंतर्गत 635 करोड़ रुपए की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जानी थी। मंत्रिमण्डल की बैठक में आज संशोधित वित्तीय मॉडल का अनुमोदन किया गया। जिसके अंतर्गत परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 5 हजार 815 करोड़ रुपए तथा अनुमानित राजस्व प्राप्ति 5 हजार 825 करोड़ रुपये है। इस संशोधित मॉडल में लगभग 10 करोड़ रुपए की शुद्ध आय भी संभावित है। इसमें अब राज्य सरकार पर पूर्व में अनुमानित 635 करोड़ का वित्तीय दायित्व भी नहीं रहेगा। परियोजना पूर्णतः स्व-वित्तपोषित मॉडल पर क्रियान्वित की जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर की स्थापना से युवाओं को रोजगार के अवसर भी सुनिश्चित होंगे।

### ● भूमि पर अवैध कब्जों से लेकर फर्जी दस्तावेजों जैसे आर्थिक अपराधों की होगी प्रभावी जांच

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि आर्थिक अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा वित्तीय अनुशासन के लिए राज्य राजस्व आसूचना निदेशालय को समाप्त कर राजस्व आसूचना एवं आर्थिक अपराध निदेशालय के गठन का निर्णय मंत्रिमण्डल में किया गया। उन्होंने बताया कि इससे रियल एस्टेट में धोखाधड़ी, बैंक-बीमा-एनबीएफसी एवं शेयर बाजार से जुड़े वित्तीय अपराध, मल्टी लेवल मार्केटिंग ठगी, झूठा दिवालियापन, फर्जी प्लेसमेंट एजेंसी तथा फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से नौकरी या प्रवेश से संबंधित मामलों पर शीघ्र कार्रवाई हो सकेगी। साथ ही, सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा या विक्रय, स्टाम्प एवं पंजीयन अनियमितताएं, फर्जी कंपनियों का गठन, सहकारी समितियों में घोटाले जैसे आर्थिक अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सकेगा और अपराधियों के विरुद्ध शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि यह निदेशालय वाणिज्यिक कर, आबकारी, परिवहन, पंजीयन एवं मुद्रांक, खनिज सहित विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त सूचनाओं का विश्लेषण कर राजस्व लीकेज पर निगरानी रखेगा तथा टैक्स चोरी को रोकेगा। इससे राजस्व संबंधी सूचनाओं और आर्थिक अपराधों की जांच का कार्य एकीकृत रूप से किया जा सकेगा।

### ● राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति, 2026 में मिलेगा पूंजीगत अनुदान

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड ने बताया औद्योगिक विकास को नई गति देने, निवेश को प्रोत्साहित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने तथा सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति, 2026 लाई जाएगी। इस नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए मॉडल-ए (पूर्णतः रीको द्वारा आवंटित भूमि पर विकास), मॉडल-बी (80 प्रतिशत भूमि विकासकर्ता द्वारा अधिग्रहण एवं शेष 20 प्रतिशत भूमि रीको द्वारा निर्धारित दरों पर), मॉडल-सी (संपूर्ण भूमि की विकासकर्ता द्वारा व्यवस्था) तथा मॉडल-डी (पीपीपी मॉडल) निर्धारित किए हैं। उन्होंने बताया कि इस नीति के अंतर्गत निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के लिए कम से कम 50 एकड़ क्षेत्रफल तथा न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होगी। राज्य सरकार औद्योगिक पार्क के लिए सामान्य अवसंरचना विकास पर 20 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान भी देगी। इसकी अधिकतम सीमा 100 एकड़ तक के पार्क हेतु 20 करोड़ रुपए, 100 से 250 एकड़ हेतु 30 करोड़ तथा 250 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल हेतु 40 करोड़ रुपए होगी। साथ ही, हरित विकास को बढ़ावा देने के लिए सीईटीपी पर व्यय का 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (अधिकतम 12.5 करोड़ रुपए प्रति पार्क) का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने बताया कि पार्क के लिए अनुमोदन प्रक्रिया राज निवेश पोर्टल के माध्यम से सिंगल विंडो प्रणाली द्वारा समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से की जाएगी।

### ● राजस्थान आयुर्वेद, योग तथा नेचुरोपैथी विश्वविद्यालय, अजमेर विधेयक-2026 के प्रारूप का अनुमोदन

डॉ. बैरवा ने बताया कि प्रदेश में भारतीय चिकित्सा पद्धति की अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए दि राजस्थान आयुर्वेद, योग एण्ड नेचुरोपैथी यूनिवर्सिटी, अजमेर विधेयक, 2026 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे केन्द्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं राज्य सरकार की आयुष नीति के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि एक और आयुर्वेद विश्वविद्यालय की स्थापना से आयुर्वेद, योग व नेचुरोपैथी, यूनानी, होम्योपैथी आदि के क्षेत्र में शिक्षण, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, प्रदेश के आयुष क्षेत्र में मेडिकल टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में केवल जोधपुर में ही आयुर्वेद विश्वविद्यालय संचालित है।

### ● वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी के पद का सृजन

श्री पटेल ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारियों की वर्षों पुरानी मांग की व्यवहारिकता एवं प्रशासनिक दृष्टि से वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी का नवीन पद सृजन करने तथा ग्राम विकास अधिकारियों के 750 पदों को वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी के पद पर क्रमोन्नत किए जाने का निर्णय किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम विकास अधिकारी का ग्रेड पे 2400 एवं पे लेवल एल-6 है। वरिष्ठ ग्राम विकास अधिकारी के नवीन पद सृजन से उन्हें 3600 पे ग्रेड एवं लेवल-10 पर शीघ्र पदोन्नति के अवसर मिल सकेंगे।

### ● औद्योगिक इकाई हेतु भूमि आवंटन, स्टील वैल्यू चैन को मिलेगी मजबूती

कर्नल राठौड़ ने बताया कि मैसर्स ग्रोथ इण्डस्ट्रीयल मिनरल्स प्रा. लि. को ग्राम रामल्यावार्स, तहसील नीमकाथाना में औद्योगिक प्रयोजन के लिए 53 हैक्टेयर की भूमि राजस्थान औद्योगिक क्षेत्र आवंटन नियम, 1959 के प्रावधानों के अंतर्गत आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। कम्पनी द्वारा करीब 500 करोड़ रुपए के निवेश से इस जमीन पर आधुनिक तकनीक आधारित बेनिफिकेशन एवं पेलेट प्लांट की स्थापना कर लगभग 565 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही, इससे प्रदेश में स्टील वैल्यू चैन को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह निर्णय आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम साबित होगा तथा प्रदेश के राजस्व में भी वृद्धि होगी।

न्यूज़ अपडेट

## विश्व में जहां भी भारतीय मूल के लोग संकट में होते हैं, भारत उनके साथ खड़ा रहता है : सीएम योगी

**लखनऊ/एजेंसी।** पहले यूपी में सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी। क्योंकि अंधेरे में काम करने वालों को उजाला रास नहीं आता। जब प्रवृत्ति डकैती की हो तो प्रदेश भी अंधेरे में रखा जाता है। लेकिन, हमने तय किया कि उत्तर प्रदेश को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त करना है तो उसे उजाले में लाना होगा। हम सूर्यपुत्र हैं, हमें सूर्य जैसी रोशनी चाहिए। जापान में भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसी सधे व स्पष्ट अंदाज में उत्तर प्रदेश के अंधेरे से उजाले तक के परिवर्तन की यशगाथा को सबके सामने रखा। उन्होंने राज्य में कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और निवेश के नए अवसरों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज यूपी दंगों या कर्फ्यू की खबरों से आगे बढ़कर दीपोत्सव, महाकुंभ और वैश्विक निवेश की पहचान बन चुका है और यही परिवर्तन भारत को विकसित राष्ट्र की दिशा में आगे बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कनेक्टिविटी का संकट था, सड़कें नहीं थीं, बिजली नहीं आती थी। लोग भी कहते थे कि बिजली गायब रहती थी। दरअसल, पहले की सरकारें अंधेरे में रहने की आदी थीं।

एनसीआरटी बुक के चैप्टर को लेकर भड़के सीजेआई

## बोले- किसी को भी न्यायापालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देंगे, हम..

नई दिल्ली/एजेंसी।

एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में न्यायिक भ्रष्टाचार के बारे में अध्याय रखे जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने जल्दी सुनवाई का आश्वासन दिया है. मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, मैंने मामले पर संज्ञान लिया है. किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी. जल्द ही मामले की सुनवाई होगी. चीफ जस्टिस ने आज यह जानकारी तब दी जब सीनयर एडवोकेट कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले को उनके सामने उठाया. सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, पूरे देश में वकील और जज इस बात को लेकर चिंतित हैं. न्यायपालिका के प्रमुख के रूप में मैं अपनी भूमिका निभाऊंगा. कोर्ट ने नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग की क्लास-8 की सोशल साइंस की बुक के चैप्टर का कड़ा विरोध किया है।



### एनसीआरटी की क्लास-8 की नई किताब में क्या है?

आठवीं कक्षा के लिए एनसीईआरटी की सोशल साइंस की नई बुक में कहा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मुकदमों की बड़ी संख्या और जजों की पर्याप्त कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में शामिल हैं. न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाले चैप्टर में कहा गया है कि जज एक आचार संहिता से बंधे होते हैं जो न सिर्फ कोर्ट में उनके व्यवहार को नियंत्रित करती है, बल्कि अदालत के बाहर उनके आचरण को भी नियंत्रित करती है. हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका टाइटल वाले चैप्टर में न्यायालयों के पदानुक्रम और न्याय तक पहुंच की व्याख्या करने से आगे बढ×कर न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों के समाधान तक का जिक्र है.

इस बुक के पुराने संस्करण में मुख्य रूप से कोर्ट्स की संरचना और भूमिका पर ध्यान केंद्रित किया गया था. नए चैप्टर में लिखा है, न्यायपालिका के विभिन्न स्तरों पर लोगों को भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है. गरीबों और वंचितों के लिए इससे न्याय तक पहुंच का मुद्दा और भी गंभीर हो सकता है इसलिए न्यायिक प्रणाली में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें टेक्नोलॉजी का उपयोग भी शामिल है और जहां भी भ्रष्टाचार के मामले सामने आएं, उनके खिलाफ त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है. किताब के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट में लंबित मुकदमों की अनुमानित संख्या 81,000 है, हाईकोर्ट्स में 62.40 लाख और जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में 4.70 करोड़ मामले लंबित हैं.

## कांग्रेस पार्टी युवा कांग्रेस के निडर सिपाहियों के साथ डटकर खड़ी है : प्रियंका गांधी वाड्रा

नई दिल्ली/एजेंसी।



दिल्ली पुलिस द्वारा इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवा कांग्रेस के निडर सिपाहियों के साथ डटकर खड़ी है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सत्य के लिए शांतिपूर्ण एवं अहिंसक प्रतिरोध हमारी गौरवशाली विरासत है जो हमें महात्मा गांधी जी और लाखों-करोड़ों भारतीय पूर्वजों से मिली है। दुनिया भर के दबाव में झुककर, भारत के हितों से समझौता करने वाली सरकार के खिलाफ आवाज उठाने में 140 करोड़ भारतवासियों का हित है। जनता की आवाज उठाने के लिए युवा कांग्रेस के साथियों पर कार्रवाई अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी युवा कांग्रेस के निडर सिपाहियों के साथ डटकर खड़ी है। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी ऐतराज जताया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जो लोग जनता के लिए आंदोलन कर रहे हैं, जो आम लोगों की आवाज उठा रहे हैं, जो किसानों की आवाज उठा रहे हैं, सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि अगर सरकार का विरोध करना जुर्म है, तो कांग्रेस का हर व्यक्ति यह जुर्म बार-बार करेगा।

यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की मां रजनीबाला ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि उदय भानु चिब को सोमवार को गिरफ्तार किया गया है।

# विश्वविद्यालय या वैचारिक युद्धक्षेत्र?

शैक्षणिक स्वतंत्रता, ज्ञान की खोज और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ऐसी चीजें हैं जिन पर विश्वविद्यालय अक्सर गर्व करते हैं। हालांकि, कुछ वामपंथी और इस्लामी वैचारिक समूह इनका दुरुपयोग समाज में असमानता और कई कॉलेजों में राष्ट्र-विरोधी आचरण को बढ़ावा देने के लिए करते हैं। सहकर्मी नेटवर्क और संस्थागत पुरस्कार प्रणालियां जो एक विशिष्ट असामाजिक और राष्ट्र-विरोधी वैचारिक विचारधारा को दूसरों पर प्राथमिकता देती हैं, शैक्षणिक विभागों को ऐसे प्रतिध्वनि कक्षों में बदल देती हैं जहां कुछ विशेष दृष्टिकोण हावी हो जाते हैं। दुनिया इस साम्यवादी मानसिक और संज्ञानात्मक विकृति से पीड़ित होने लगी है। यह विकृति भारतीय विश्वविद्यालयों को भी प्रभावित करती है, जिससे राष्ट्र और समाज को गंभीर नुकसान पहुंचता है।

कई विश्वविद्यालय जिनमें मानविकी विभाग है, एक साम्यवादी थीम पार्क बन गए हैं। लक्ष्य है भारत का विघटन करना और सनातन धर्म को विकृत सिद्धांत और व्यवहार के माध्यम से ध्वस्त करना, चाहे वह समाजशास्त्र, मानवशास्त्र, इतिहास, भाषा या कानून का क्षेत्र हो। उच्च शिक्षा में बौद्धिक विविधता नष्ट करने और ज्ञान संबंधी भ्रम पैदा करने वाले कट्टरपंथी साम्यवादी विचारों को अधिकाधिक बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लिखे गए पत्र में विश्वविद्यालय के कुलपतियों सहित 200 से अधिक शिक्षा विशेषज्ञों ने देश की गिरती शैक्षिक स्थिति के लिए वामपंथी कार्यकर्ताओं के एक समूह को जिम्मेदार ठहराया है। वामपंथियों की भ्रामक प्रवृत्ति युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध भड़काने की है। 1980 के दशक में जब वामपंथी संगठनों ने देश के युवाओं और ग्रामीणों को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया था, तब से वामपंथी उग्रवाद और वामपंथी विचारधारा की आड़ में देश को विभाजित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में उन्होंने चिंता व्यक्त की है कि जेएनयू से लेकर जामिया, एएमयू से लेकर जादवपुर तक के परिसरों में हो रही घटनाएं दर्शाती हैं कि कैसे मुट्ठी भर वामपंथी कार्यकर्ताओं की गतिविधियों से शैक्षणिक वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

विश्वविद्यालयों में केवल शिक्षा के लिए दाखिला लेने वाले और किसी भी समूह से असंबंधित छात्र सबसे अधिक पीड़ित हैं। सोशल मीडिया पर गलत प्रचार, झूठी कहानी और झूठे विमर्श जैसे शब्दों का अक्सर इस्तेमाल होता है। सनातन धर्म/हिंदुत्व की झूठी कहानियां मीडिया में बड़े पैमाने पर फैलाई जाती है और कई सरकारी कर्मचारी, बहुराष्ट्रीय निगमों के कर्मचारी, गैर सरकारी संगठनों, विश्वविद्यालयों, मीडिया संस्थानों आदि में विभिन्न पदों पर कार्यरत कर्मचारी इन झूठी कहानियों को सत्य मान लेते हैं। मेरा मानना है कि स्कूलों और विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे वर्तमान पीढ़ी के छात्रों के एक बड़े हिस्से के लिए भी यही सत्य है। आखिरकार, लाखों लोग- जिनमें से कई असहमत हो सकते हैं, उनको इन विभिन्न कहानियों को अपनाने के लिए मजबूर किया गया है, जबकि हम जानते हैं कि वे गलत हैं। हमारे शिक्षा तंत्र में व्याप्त मार्क्सवादी माहौल ने बच्चों और युवाओं के दिमाग में झूठी कहानियों को व्यवस्थित रूप से बिठा दिया है। परिणामस्वरूप, ये छद्म-उदारवादी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का कड़ा विरोध करते हैं, जिसका उद्देश्य प्रत्येक छात्र के व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र को बेहतर बनाने के लिए अनुसंधान-उन्मुख दृष्टिकोण, जीवन कौशल और व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है।

युवाओं को साम्यवाद का विचार विशेष रूप से आकर्षित करता है। समानता, सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता और क्रांति जैसे विषयों पर चर्चा करना कितना रोमांचक होता है! युवा मन ऐसे विषयों से प्रेरित हो सकता है। युवा स्वभाव से भावुक होते हैं। साम्यवाद हमें यथास्थिति को उखाड़ फेंकने और एक गैरकानूनी और अमानवीय क्रांति शुरू करने के लिए कहता है। परिणामस्वरूप, संविधान के विरुद्ध होने के बावजूद युवा वामपंथी विचारधारा की ओर आकर्षित होते हैं। वे साम्यवाद की गहरी वास्तविकता को समझने में असमर्थ हैं। न केवल प्रतिष्ठित भारतीय विश्वविद्यालयों के छात्रों बल्कि अमेरिका और कई यूरोपीय देशों जैसे पूंजीवादी देशों में भी साम्यवाद जहर फैला रहा है। इस विचारधारा की रणनीति है युवावस्था में उन्हें फंसाना और उनकी बुद्धि को भ्रमित करना। इसलिए, वे कॉलेज के छात्रों को निशाना बनाते हैं जो अभी तक हर स्थिति में अपने निर्णय लेने के लिए पर्याप्त परिपक्वनहीं हैं, लेकिन हाल ही में अपने माता-पिता के संरक्षण से मुक्त हुए हैं। अवसरवादी राजनेता और साम्यवादी इस खामी का फायदा उठाकर छात्रों के दिमाग में झूठ, अधूरी सच्चाई और आकर्षक भाषा का इस्तेमाल करके गलत धारणाएं भर देते हैं।

कहा जाता है कि प्राचीन चीन में 'हिरण की ओर इशारा करके उसे घोड़ा कहना' आम बात थी। अगर सार्वजनिक रूप से आपसे सवाल किया जाता और आप यह मानने से इनकार कर देते कि वह घोड़ा है तो आपको समाज से बहिष्कृत कर दिया जाता था। दुर्भाग्य से, यह चर्चा आजकल सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही है। इस मिथक के बार-बार फैलने के कारण कई युवा अब इसे घोड़ा समझते हैं- हालांकि ऐसा करने के लिए वे मजबूर नहीं हैं। वोकवाद उन लोगों का समूह है जो वास्तव में अनपढ़ और अज्ञानी हैं लेकिन खुद को दुनिया का सबसे जानकार समझते हैं। ये लोग वामपंथी स्वोकस्र संस्कृति का हिस्सा हैं। झूठ पर विश्वास करने के बावजूद वे सामाजिक मुद्दों के बारे में खुद को जानकार मानते हैं। संक्षेप में कहें तो वे बिना किसी जांच-पड़ताल के गलत जानकारी फैलाते हैं और किसी भी विषय में पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं। वामपंथी स्वोकस्र को अपने सामाजिक कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और बुद्धि को सुधारने के लिए बहुत मेहनत करनी होगी। इसका कारण यह है कि वोक वामपंथी विचारधारा पक्षपातपूर्ण और असंगत वामपंथी अवधारणाओं का एक समूह है, जिन्हें 'समानता,' 'विविधता' और 'समावेश' के नाम से जाना जाता है। जो कोई भी 'वोक' वामपंथियों से असहमत होता है, उन पर वे अक्सर बेरहमी से हमला करते हैं। मार्क्सवाद/साम्यवाद वोकवाद एक राजनीतिक व्यवस्था नहीं है; यह एक मजहबी व्यवस्था है। मजहब का उद्देश्य मौजूदा राजनीतिक या सांस्कृतिक संरचनाओं को उखाड़ फेंकना है।

वोकवाद नई अवधारणाओं के विश्लेषण और शोध में बाधा डालता है। यह एक खोखली विचारधारा है जो नैतिक सेना का रूप धारण करते हुए विविधता के नाम पर विचारों की विविधता को सीमित करती है। वे परिस्थितियों की कोई जानकारी या समझ रखे बिना खुद को न्याय का सर्वोच्च रूप बताते हैं। भारत के शीर्ष विश्वविद्यालयों में मार्क्सवादी-इस्लामी गठबंधन इसका प्रमाण है। परिणामस्वरूप, अब अन्य भारतीय अल्पसंख्यकों के साथ-साथ मुख्यधारा के हिंदू समाज के प्रति भी शत्रुता का भाव पनप रहा है। इस तरह की बातचीत सनातन धर्म के बारे में अपमानजनक और भ्रामक कहानियों के प्रसार को बढ़ावा देती है। डीप स्टेट वैश्विक बाज़ार शक्तियों का इस समाज के साथ जिस तरह का जुड़ाव रहा है, वह और भी चिंताजनक है। ये मौखिक अभिव्यक्तियां व्यावसायिक वस्तुओं में परिवर्तित होती प्रतीत होती हैं। इन मान्यताओं के मुखर समर्थक सामाजिक और आर्थिक लाभ प्राप्त करते हैं। हालांकि, बड़ी समस्या यह है कि ये बोले गए शब्द अक्सर कथा के विषय को नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं। वे केवल एक ऐसी कहानी गढ़ना चाहते हैं जिससे लोग जुड़ सकें, न कि केवल किसी मुद्दे या अन्याय की ओर ध्यान आकर्षित करना।

# होली: जाति, पंथ, उम्र से परे जीवंत महा उल्लास



हृदयनारायण दीक्षित

रंग पर्व होली को नमस्कार। कृत्रिम मेधा, असली मेधा व ऑनलाइन बुद्धिमत्ता को नमस्कार। सत्व, रज और तम की त्रिगुणी को नमस्कार। ब्रह्मा, विष्णु और महेश त्रिदेवों को नमस्कार। धर्म, अर्थ और काम की पुरुषार्थ त्रयी को नमस्कार। गीता, ब्रह्मसूत्र व उपनिषद की प्रस्थान त्रयी को नमस्कार। शब्द, अपशब्द व संसदीय मर्यादाहीनता को नमस्कार। प्रकृति चिरन्तन और आनंदरस से परिपूर्ण। इसके अन्तःपुर में आनंदरस का महास्रोत है। भारतीय चिंतन में इसी स्रोत का नाम है-उत्स। आनंद का यह स्रोत मधुमय है। उत्सव इसी आनंद रस का अतिरेक आपूरण है।

यूरोप और अमेरिकी समाजों के उत्सव बाजार तय करता है और भारत के उत्सव तय करता है देश-काल। प्रकृति सदाबहार नायिका है। नदियां हंसती-नृत्य करती बहती हैं, मनुष्य आनंदित होता है। सो नदियों के तट पर उत्सव नृत्य और संकीर्तन। प्रकृति जहां-जहां जब-जब आनंदित करती है तब-तब वहां-वहां उत्सव। लेकिन काल सबका नियंता है। अथर्ववेद के ऋषि भृगु ने गाया है कि काल में ही सुख-दुख और आनंद है। काल में ही ऋक्ष यजुष और सामगान हैं। भारतीय उत्सवों में प्रकृति और काल-मुहूर्त की जुगुलबन्दी है। बसंत ऐसी ही मनभावन उपस्थिति है। बसंत में प्रकृति और काल की गलमिलौवल है।

प्रकृति मनमौजी है, तमाम रूपों में सजती है, खिलती है। बड़ी मस्त-मस्त और बिन्दास है यह। लेकिन यह नायिका परम स्वतंत्र नहीं है। प्रकृति में नियमबद्धता है। वैदिक ऋषियों ने सृष्टि के इस संविधान को ऋत कहा, ग्रीष्म, वर्षा, शिशिर, हेमंत, पतझड़ और बसंत इसी ऋत के ऋतु-रूप हैं। बसंत परिपूर्ण प्राकृतिक तरूणाई है। प्रकृति की अंग-अंग उमंग का नाम है बसंत। यों सभी उत्सव मनुष्य का सामाजिक उल्लास हैं लेकिन बसंत समूची प्रकृति का चरम परम उल्लास धर्म है। हम सब प्रकृति के अंश हैं, प्रकृति के गुणों के प्रभाव में है। प्रकृति गीत गाये, नाचे, महकें और मनुष्य चुप रहे ऐसा हो ही नहीं सकता। प्रकृति के रूप मनुष्य ही नहीं अन्य प्राणियों को भी संवेदित करते हैं। वर्षा ऋतु में मोर नाचते हैं, मेढ़क गीत गाते हैं। शरद् ऋतु जानकर खंजन पक्षी पुलक में होते हैं पर बसंत के संवेदन की बात ही दूसरी है।

बसंती पवन भारतीय काव्य का उत्प्रेरण रही है। आखिरकार क्या हो जाता है? वायु देव को बसंत में। वे जिसे छूकर आगे बढ़ते हैं, वही मदमस्त हो जाता है। वे कलियों की चोली उड़ा ले जाते हैं, तरूणों को सहलाते हैं, तरूणियों को तब तक गुदगुदाते हैं, जब तक वे खिलखिलाकर पूरी खिल नहीं जाती। तरूण तो तरूण हैं। मनतरंग में



झूमना उनकी स्वाभाविकता है। लेकिन बूढ़े-बुजुर्ग भी बासंती पवन में मदमस्त हो जाते हैं। नदी, तालाब और खेत-ऊसर भी बसंत की मौज में होते हैं। हमारे गांव से बहने वाली सई नदी भी आनंद मगन हो जाती है। उसके तट पर खड़े बनबबूल के पेड़ों पर गीत उगते हैं। पक्षी प्रेमगीत गाते हैं, गायें उछलती हैं। न शीत की जकड़न और न गर्मी की उमस और बेचैनी। बसंत का प्रभाव सब पर एक जैसा। बूढ़े मनुष्य ही नहीं बूढ़े वृक्ष भी फूलों से लद जाते हैं। फागुन सबको लहालोट करता है। मनतरंग के देव 'काम' भीतर से कुलाचें मारते हैं। बसंत इसीलिए ऋतुराज है। पृथ्वी सगंधा है। फूलों से सुगंध उड़ती है, मरूद्गण इस सुगंध को दशों दिशाओं तक पहुंचाते हैं। धरती-आकाश गंध आपूरित होते हैं। तिक्त नीम अशोक हो जाती है और बेहया की पौध हो जाती है मौलश्री। तब गुलाब रातरानी जैसी सुगंध देने लगता है और रातरानी कमलगंध में हहराती प्रीति। प्रकृति के सभी रूप रसवन्त हो जाते हैं। नदियां नर्तन करती हैं, झीलें गीत गाती हैं, वनस्पतियां झूम उठती हैं। शरद् और ग्रीष्म गलबहियां डालकर मिलते हैं। पक्षी मस्त-मस्त गीत गाते हैं। वे ऋत बंधन में रहते हैं। लेकिन बसंत और होली में शास्त्रीयता का कोई बंधन नहीं। यह बसंत दो दिन के लिए नहीं आता। पूरे तीन-चार माह तक विहंसता है, समूची प्रकृति को रस आपूरित करता है। प्रकृति का हरेक अंश उत्सव मनाता है। हरेक वृक्ष, हरेक फूल, कीट, पतिंग, पशु, पक्षी और मनुष्य मधु उत्सव में होता है। होली इन्हीं मधु उत्सवों का महोत्सव है।

होली आनंद का अतिरेक है और अतिरेक कभी शास्त्रीय नहीं होता। होली का लोक अपने छन्द स्वयं गढ़ता है। लोक में अतिरिक्त ऊर्जा है, उफनाती ऊर्जा आनंद का अतिरेक है यहां। ऊर्जा का अतिरेक ही उत्सव बनता है। मनुष्य की तरह समाज का भी मूल-उत्स होता है। समाज का मूल-उत्स संस्कृति है। समाज का आनंदमगन समवेत ही उत्सव हैं। होली भारत का मधुरस है, मधुछन्द है, सामगान है, लोकनृत्य है और लोक संस्कृति की चरम अभिव्यक्ति है। होली भारत के मन का उल्लास है। चहुदिश, दिक्काल, लाल गुलाल, सबके गाल। होली का उल्लास प्रायोजित नहीं होता। भारतीय उत्सव प्रकृति का प्रसाद है। होली महाप्रसाद है।


होली मधु अनुभूति का मधु प्रसाद है। प्रकृति का यह मधु प्रसाद अखण्ड है। सूर्य उगते हैं, अस्त होते हैं। मास आते हैं, विदा होते हैं। सम्वत्सर, युग और मन्वन्तर आते हैं पर मधु उत्सवों का मधु प्रसाद कोष रीता नहीं होता। बसंत ऐसा ही मधुकोष लेकर हर साल आता है। होली के अवसर पर बांटता है। होली का यह मधु पूरे साल चलता है। होली भारत का मन मधुमय करती है। इसीलिए यह लोक-महोत्सव है। भारत की भू-सांस्कृतिक आस्था का नर्तन, दर्शन दिग्दर्शन है। यहां लोक अभिव्यक्ति है, राष्ट्रीय एकत्व है और सांस्कृतिक समरसता है। लोक आनंद की अनुभूति है। तमाम असम्भवों का संगम है। होली सबकी प्रीति है, राष्ट्र की रीति है। भारत की उमंग और भारत के मन की रंग तरंग है। देश के उत्तर, दक्षिण और पूरब, पश्चिम होली सबकी प्यारी है। होली विश्ववारा भारतीय संस्कृति का मनआनंद है। होली गीत गाता नृत्य मगन उन्मुक्त अध्यात्म है। धरती, आकाश, वन और संपूर्ण उपवन का गीत-संगीत है। होली जाति, पंथ, उम्र से परे जीवन्त महामुक्ति और महाउल्लास है। कुछ विद्वानों ने होली को मिस्र या यूनान से आयातित बताया है। होली जैसा उत्सव बेशक मिस्र में था, यूनान में भी था। जैमिनि ने होलाका पर्व का उल्लेख (400-200 ईसा पूर्व) किया और लिखा कि होलाका सभी आर्यों का उत्सव था। आचार्य हेमाद्रि (1260-70 ई0) ने पुराण उद्धरणों से होली की प्राचीनता दर्शाई है। वात्स्यायन के कामसूत्र (1.4.42) में यह एक बसंतोल्लास क्रीड़ा पर्व है।

प्राचीनता और आधुनिकता अलग-अलग नहीं होती। वे पृथक दो इकाइयां नहीं हैं। प्रकृति सृष्टि का प्रवाह अविच्छिन्न है। जिसे हम प्राचीनता कहते हैं, वह और भी प्राचीन परंपरा का विकास है। इसी तरह आधुनिकता भी है। 100 बरस पहले जिसे आधुनिकता कहते थे, वह भी प्राचीन होती जा रही है। परम्परा एक सतत प्रवाह है। परम्परा और उत्सव व्यक्तिगत नहीं होते। उन्हें काल विभाजन के अनुसार नहीं बांटा जा सकता।

सामूहिकता हरेक कालखण्ड में आनंददायी रही है। सामूहिक आनंद और उत्सव पर्यायवाची हैं। प्राचीन भारत का समाज सामूहिकता में आनंदित है इसलिए हर दिन मधुउत्सव है, प्रतिपल मंगल गीत हैं, प्रतिपल मधुवर्षा है। सामूहिकता शोक और दुख को फटकने भी नहीं देती लेकिन विदेशी सत्ता के प्रभाव में हम भारत के लोग सामूहिकता खोते गये। व्यक्तिगत के भीतर और भी व्यक्तिगत होते गये। सो होली जैसे अंतरराष्ट्रीय उत्सव भी व्यक्तिगत हो रहे हैं। अब बाजार तय करता है हमारे उत्सव की रूपरेखा। सो भारतीय समाज में विषाद है। उत्सव धर्म विषाद को प्रसाद में बदलते हैं। आइए, उत्सवधर्मी हों हम सब। आओ रंग चढ़ा लें देशी कि रंग परदेशी उतर जाए।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# शिक्षा को हिंसक नहीं, संवेदनशील बनाना होगा



ललित गर्ग

देश में इन दिनों बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं और सामान्य परीक्षाएं भी शुरू होने वाली हैं। हर साल की तरह इस बार भी परीक्षा का मौसम केवल प्रश्नपत्रों और परिणामों का नहीं, बल्कि मानसिक दबाव, चिंता और असुरक्षा का मौसम बनता जा रहा है। छात्रों के चेहरों पर भविष्य की चिंता साफ पढ़ी जा सकती है। यह चिंता केवल अच्छे अंक लाने की नहीं, बल्कि अपेक्षाओं के बोझ को ढोने की है। दुर्भाग्य यह है कि यह दबाव कई बार इतना असहनीय हो जाता है कि वह आत्मघाती या हिंसक रूप ले लेता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े एक भयावह सच उजागर करते हैं। वर्ष 2013 से 2023 के बीच छात्रों की आत्महत्या की दर में लगभग 65 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के टूटने की कहानी है। इन आत्महत्याओं के पीछे पढ़ाई का दबाव, पारिवारिक अपेक्षाएं, सामाजिक तुलना और आर्थिक तनाव प्रमुख कारण बताए जाते हैं। लेकिन हाल में लखनऊ में जो घटना सामने आई, उसने इस संकट को एक और खतरनाक दिशा में मोड़ दिया है।

लखनऊ की घटना केवल परीक्षा दबाव की कहानी नहीं है, बल्कि परिवारों में बढ़ती संवेदनहीनता, संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा का दर्पण है। पुलिस जांच के अनुसार एक पैथोलॉजी लैब संचालक पिता अपने बेटे को डॉक्टर बनाना चाहते थे और उस पर नीट जैसी परीक्षा पास करने का लगातार दबाव बना रहे थे। घटना वाले दिन भी दोनों के बीच बहस हुई और 21 वर्षीय युवक ने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने अपराध छिपाने के लिए शव के टुकड़े किए, कुछ बाहर फेंके, कुछ घर में छिपाए, छोटी बहन को धमकाया और पुलिस को गुमराह करने के लिए पहले लापता होने और फिर आत्महत्या की कहानी गढ़ी। यह सब बताता है कि यह क्षणिक आवेश नहीं था, बल्कि भीतर लंबे समय से पल रही कुंठा, आक्रोश और मानसिक विघटन का परिणाम था। प्रश्न यह है कि एक बेटे के भीतर इतनी नफरत कैसे पनप सकती है? क्या 'कुछ बनने' का दबाव इतना भारी हो सकता है कि वह रिश्तों को भी तार-तार कर दे? हर माता-पिता चाहते हैं कि उनकी संतान सफल हो, प्रतिष्ठित करियर बनाए, समाज में सम्मान पाए। लेकिन जब यह चाहत संवाद और सहयोग की जगह नियंत्रण और दबाव का रूप ले लेती है, तब वह प्रेरणा नहीं, मानसिक उत्पीड़न बन जाती है। जब शिक्षा जीवन-निर्माण का माध्यम न होकर, विनाश का कारण बन जाती है।

भारत में नीट और जी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं लाखों युवाओं के लिए उम्मीद का प्रतीक हैं। नीट में पिछले वर्ष 23 लाख से अधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया, जबकि ज्वाइंट एन्टरेंस एक्जामिनेशन (जेईई) के एक सत्र में 13 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने आवेदन किया। इन लाखों विद्यार्थियों में से केवल कुछ हजार ही शीर्ष संस्थानों तक पहुंच पाते हैं। शेष विद्यार्थियों के हिस्से अक्सर निराशा, आत्मग्लानि और सामाजिक तुलना का दंश आता है। जब सफलता का पैमाना केवल रैंक और अंक बन जाए, तो असफलता जीवन का अंत प्रतीत होने लगती है। कोटा जैसे कोचिंग केंद्रों में हर वर्ष आत्महत्या की खबरें सामने आती हैं। कोटा देश की कोचिंग राजधानी कही जाती है, जहां हजारों छात्र सपने लेकर पहुंचते हैं। लेकिन उन्हीं सपनों का बोझ कई बार उनके जीवन से भारी पड़ जाता है। यह केवल व्यक्तिगत कमजोरी का मामला नहीं है, बल्कि एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का परिणाम है जिसमें प्रतियोगिता सहयोग से अधिक महत्त्वपूर्ण हो गई है।

लखनऊ की घटना में एक और तथ्य उल्लेखनीय है-आरोपी छात्र की मां का निधन हो चुका था। घर में चाचा-चाची मौजूद थे, लेकिन क्या उस युवक की मनःस्थिति को समझने का प्रयास किया गया? क्या उसके भीतर के तनाव, अकेलेपन और भय को किसी ने सुना? यदि परिवार में नियमित संवाद होता, यदि मानसिक स्वास्थ्य को उतनी ही गंभीरता से लिया जाता जितनी अंकों को, तो शायद यह भयावह वारदात टाली जा सकती थी। आज समस्या केवल आत्महत्या तक सीमित नहीं है। बच्चे हिंसक भी हो रहे हैं। यह हिंसा बाहरी नहीं, भीतर से उपज रही है-कुंठा, अपमानबोध, तुलना और असफलता के भय से। जब बच्चे को यह महसूस होने लगे कि वह केवल एक 'प्रोजेक्ट' है, एक 'इन्वेस्टमेंट' है, जिसे किसी निश्चित पेशे में ढालना है, तब उसकी स्वतंत्र पहचान कुचल जाती है। वह या तो भीतर ही भीतर टूट जाता है या विस्फोट कर देता है। शिक्षा का उद्देश्य जीवनदायिनी होना चाहिए-विवेक, संवेदना और आत्मविश्वास का विकास करना चाहिए। लेकिन जब शिक्षा केवल प्रतिस्पर्धा और रैंकिंग का माध्यम बन जाए, तो वह तनाव और हिंसा को जन्म देती है। हमें यह स्वीकार करना होगा कि हर बच्चा डॉक्टर या इंजीनियर नहीं बन सकता, और न ही बनना चाहिए। विविध प्रतिभाओं को सम्मान देने वाली सामाजिक मानसिकता विकसित किए बिना यह संकट कम नहीं होगा। इस संदर्भ में तीन स्तरों पर गंभीर चिंतन की आवश्यकता है। पहला, परिवार। माता-पिता को यह समझना होगा कि अपेक्षा और दबाव में अंतर है। अपेक्षा प्रेरणा देती है, दबाव भय पैदा करता है। बच्चों के साथ खुला संवाद, उनकी रुचियों को समझना, असफलता को स्वीकार्य बनाना और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है। 'तुम्हें डॉक्टर बनना ही है' की जगह 'तुम जो बनना चाहो, हम साथ हैं' जैसी सोच विकसित करनी होगी। दूसरा, शिक्षा संस्थान। स्कूल और कोचिंग संस्थानों को केवल परिणाम देने वाली मशीन नहीं, बल्कि संवेदनशील संस्थान बनना होगा। नियमित काउंसलिंग, तनाव प्रबंधन कार्यशालाएं और परीक्षा को जीवन-मरण का प्रश्न न बनाने की संस्कृति विकसित करनी होगी। शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की मानसिक दशा पहचानने का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। तीसरा, सरकार और समाज। मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और कलंकमुक्त बनाना होगा। परीक्षा प्रणाली में सुधार, वैकल्पिक करियर मार्गों को बढ़ावा, और कौशल आधारित शिक्षा पर जोर देना समय की मांग है। मीडिया को भी सनसनी की बजाय संवेदनशील रिपोर्टिंग करनी चाहिए।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम इन घटनाओं को सामान्य न मानें। हर आत्महत्या और हर हिंसक घटना हमारे सामाजिक ताने-बाने में दरार का संकेत है। यदि हम इसे केवल 'व्यक्तिगत मामला' कहकर टाल देंगे, तो आने वाले समय में ऐसी घटनाएं और बढ़ेंगी। लखनऊ की घटना हमें झकझोरती है। यह बताती है कि शिक्षा का दबाव, पारिवारिक संवादहीनता और मानसिक स्वास्थ्य की उपेक्षा मिलकर कितनी भयावह परिणति ला सकती है। अब समय है कि हम सामूहिक आत्ममंथन करें। शिक्षा को जीवन का उत्सव बनाएं, न कि भय का कारण। बच्चों को लक्ष्य दें, लेकिन उनके पंख न काटें। सपने दिखाएं, पर उन्हें सांस लेने की जगह भी दें। जब तक हम सफलता की परिभाषा को व्यापक नहीं करेंगे और बच्चों को अंक से अधिक मनुष्य मानना नहीं सीखेंगे, तब तक यह संकट बना रहेगा। परीक्षा का मौसम हर साल आएगा, लेकिन यदि हम संवेदनशील समाज बन सके, तो शायद अगली पीढ़ी के लिए यह मौसम भय का नहीं, आत्मविश्वास का प्रतीक बन सकेगा।

## जोधपुर में महानिदेशक तनु कशयप की अध्यक्षता में एनआईएफटी का चिंतन शिविर आयोजित

# भारतीय फैशन को बढ़ावा देने में निफ्ट का अहम योगदान : आईएएस तनु कश्यप

चमकता राजस्थान

जयपुर/जोधपुर !(खलील कुरैशी)। वस्त्र मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (निफ्ट) द्वारा बुधवार को जोधपुर परिसर में एक महत्वपूर्ण चिंतन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता निफ्ट की महानिदेशक आईएएस तनु कशयप ने की, जिसमें देशभर के 20 निफ्ट संस्थानों के निदेशक एवं प्रतिनिधियों ने भाग लेकर फैशन शिक्षा और उद्योग के भविष्य पर व्यापक चर्चा की।चिंतन शिविर में भारतीय फैशन को वैश्विक पहचान दिलाने, तकनीकी नवाचारों को अपनाने तथा शिक्षा प्रणाली को समयानुकूल बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन किया गया।

## एआई, मानव-केन्द्रित शिक्षा, वैश्विक उपस्थिति और उद्यमिता पर हुआ गहन मंथन







### मानव-केन्द्रित शिक्षा और एआई पर विशेष जोर

महानिदेशक तनु कशयप ने अपने संबोधन में कहा कि फैशन केवल परिधान नहीं, बल्कि संस्कृति, सृजनात्मकता और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रतिबिंब है। उन्होंने फैशन क्षेत्र में गरिमा, नैतिक उत्तरदायित्व और समावेशी भविष्य को आगे बढ़ाने के लिए मानव-केन्द्रित शिक्षा मॉडल को अपनाने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग के इस डिजिटल युग में भारतीय युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना आवश्यक है। एआई के सार्थक एकीकरण से मानव सृजनात्मकता को सशक्त बनाया जा सकता है। फैशन इंडस्ट्री में तेजी से हो रहे तकनीकी बदलावों को युवाओं तक पहुंचाना समय की मांग है, ताकि वे विश्व मंच पर अपनी अलग पहचान बना सकें।

### ● वैश्विक विस्तार और शैक्षणिक गुणवत्ता पर चर्चा

शिविर में निफ्ट की अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति मॉडल, प्लेसमेंट सुदृढ़ीकरण, प्रवेश प्रक्रिया, कार्यक्रम संरचना, कोर्स करिकुलम बेंचमार्किंग तथा उद्यमिता एवं एम्पावरमेंट जैसे विषयों पर गंभीर विमर्श हुआ। उद्देश्य यह रहा कि निफ्ट को वैश्विक स्तर पर और अधिक प्रतिस्पर्धी एवं प्रभावशाली बनाया जा सके।निफ्ट की डीन (एकेडमिक) डॉ. नूपुर आनंद ने कहा कि निफ्ट युवाओं को केवल रोजगार ही नहीं देता, बल्कि उन्हें एक विशिष्ट पहचान और सशक्त व्यक्तित्व प्रदान करता है। आज निफ्ट के छात्र-छात्राएं विश्वभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

### ● समावेशी और सतत डिज़ाइन शिक्षा की दिशा में पहल

निफ्ट जोधपुर के निदेशक प्रो. जीएचएस प्रसाद ने बताया कि यह चिंतन शिविर शैक्षणिक और प्रशासनिक स्तर पर सभी हितधारकों को एक मंच पर लाने का प्रयास है। इससे समावेशी, सतत और सामाजिक रूप से प्रभावशाली डिज़ाइन शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। साथ ही अंतरराष्ट्रीय सहयोग और डिज़ाइन उत्कृष्टता के लिए एक साहसिक एवं भविष्याभिमुख रणनीति तय की जाएगी।

उन्होंने जानकारी दी कि गुरुवार को ''डायरेक्टर्स कॉन्क्लेव'' का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के निफ्ट संस्थानों के निदेशक भाग लेकर नीतिगत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करेंगे इस चिंतन शिविर ने स्पष्ट संकेत दिया कि निफ्ट भारतीय फैशन को नई तकनीक, नवाचार और वैश्विक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बाल विवाह मुक्ति रथ को जिला कलक्टर ने दिखाई हरी झंडी, गांव-गांव पहुंचेगा जागरूकता संदेश

चमकता राजस्थान

**अनिल सैन/फलोदी।** देशभर में संचालित बाल विवाह मुक्त भारत 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत बुधवार को फलौदी जिले में बाल विवाह रोकथाम हेतु जन-जागरूकता रथ यात्रा का भव्य शुभारंभ किया गया। यह रथ यात्रा जिला प्रशासन फलौदी, महिला एवं बाल अधिकारिता विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई तथा जस्ट राइट्स फ़ॉर चिल्ड्रन के सहयोग से ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई।



जिला कलेक्ट्रेट परिसर से जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर श्वेता चौहान ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुप्रथा और कानूनन अपराध है। बाल विवाह में शामिल सभी व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है। उन्होंने आमजन से अपील की कि न तो बाल विवाह कराएं और न ही इसमें किसी प्रकार की सहभागिता करें।

उन्होंने कहा कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। समाज के हर वर्ग की सहभागिता से ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा को समाप्त किया जा सकता है। ग्रामीण एवं सामाजिक विकास संस्था के क्षेत्रीय समन्वयक किशन खुड़िवाल ने बताया कि बाल विवाह की सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, संस्थान की हेल्पलाइन 18001027222 अथवा पुलिस हेल्पलाइन 112 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

यह रथ यात्रा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर बाल विवाह के दुष्परिणामों, बच्चों के अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देगी, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ेगी और बाल विवाह मुक्त समाज की दिशा में सशक्त कदम उठाया जा सकेगा। कार्यक्रम में ओमाराम मेघवाल, भागीरथ चौहान, बिदामी, मदनलाल, पेंपा राम मेघवाल सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीवरेज के कारण वार्डों की स्थिति खराब, सीवरेज का पानी सड़कों पर, दुर्गंध से लोग बीमार



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** जिला मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में स्वच्छता की बात करें तो जिला मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर हाउसिंग बोर्ड के सेक्टर 2 में सड़क निर्माण के चलते कई महीनो से सीवरेज लाईन को खोद दिया गया है। जिससे सीवरेज का पानी , मलबा सड़कों पर आ रहा है। जिससे कॉलोनी में दुर्गंध से लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। और यहां तक की मच्छर पनप रहे हैं। साथी लोग बीमार हो रहे हैं। आला अधिकारियों का अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय निवासी मनोज सेन, मुकेश शर्मा, ललित शर्मा, मोहित गुप्ता आदि ने बताया कि सीवरेज खोद दी गई है, लेकिन उसे दुरुस्त नहीं की गई जिससे बीमारियां फैल रही है। वही राजस्थान सरकार स्वच्छ भारत अभियान चला रही है वहीं मुख्यालय सहित आसपास क्षेत्र में गंदगी एवं कीचड़ देखने को मिल रहा है।

### मिगलानी बिल्डिग के पास दूध फैक्ट्री पर छापा, टॉयलेट के बगल में रखा मिला 2000 लीटर दूध



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** नगर के थाना कुतुबशेर क्षेत्र अंतर्गत मिगलानी बिल्डिग के पास संचालित एक दूध फैक्ट्री में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने औचक छापेमारी कर जन स्वास्थ्य के साथ हो रहे बड़े खिलवाड़ का खुलासा किया है। कार्यवाही के दौरान फैक्ट्री के भीतर बेहद वीभत्स और अस्वास्थ्यकर स्थितियां पाई गईं, जहां शौचालय के ठीक पास लगभग 2000 लीटर दूध असुरक्षित तरीके से रखा हुआ था। निरीक्षण में सामने आया कि फैक्ट्री कर्मचारी न केवल जंग लगे हुए दूषित कंटेनरों में दूध भर रहे थे, बल्कि उसी गंदगी के बीच दही और खोया भी तैयार किया जा रहा था। खाद्य विभाग की टीम ने मौके से दूध, दही और खोया के नमूने सील कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए हैं। विभाग के अधिकारियों ने सख्त रुख अपनाते हुए स्पष्ट किया है कि नमूनों की रिपोर्ट में गड़बड़ी पाए जाने पर फैक्ट्री का लाइसेंस तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा और मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित संचालकों के विरुद्ध कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### जीविका लखीसराय द्वारा रोजगार मेला का हुआ आयोजन



**चमकता राजस्थान/लखीसराय/सौरव कुमार।** जीविका लखीसराय द्वारा चानन प्रखंड स्थित सरस्वती मंदिर के प्रांगण में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ अनुमंडल पदाधिकारी श्री प्रभाकर कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक जीविका श्रीमती अनीता कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चानन सुश्री प्रिया कुमारी एवं अंचल अधिकारी चानन श्री रवि कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन दीन दयाल उपाध्याय कौशल्य योजना अंतर्गत किया गया। इस अवसर पर कुल 11 कंपनियों ने अपना स्टॉल लगाया। कुल 484 अभ्यर्थियों ने निबंधन कराया जिसमें 213 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। मंच संचालन श्री अजय कुमार, सामुदायिक समन्वयक, जीविका ने किया।धन्यवाद ज्ञापन श्री इंदु भूषण सिंह, प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका ने किया ।

### स्पीकर देवनानी ने भरतपुर सड़क हादसे में मृतक के परिवारजन को दी आर्थिक सहायता

- देवनानी ने जताया गहरा दुख, गमगीन पिता को बंधाया ढांढस
- घायल के शीघ्र स्वास्थय लाभ की कामना की



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अपने वैवेकिक अनुदान कोष से भरतपुर निवासी महादेव को आर्थिक सहायता प्रदान की है। उल्लेखनीय है कि आगरा-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-21 पर 10 फरवरी को हुए भीषण सड़क हादसे में युवा लोकेश एवं मुकेश की मृत्यु हो गई। देवनानी ने दिवंगत युवाओं के गमगीन पिता महादेव को आर्थिक सहायता प्रदान की है। श्री देवनानी ने दिवंगत लोकेश एवं मुकेश के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। देवनानी ने दो पुत्रों को खोने वाले पिता महादेव को इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया। श्री देवनानी ने घायल अंजलि के शीघ्र स्वास्थय लाभ की कामना की है। देवनानी ने दिवंगतों की आत्म शांति और शोक संतप्त परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति देने के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। देवनानी ने बताया महादेव को संबंधित जिलाधीश कार्यालय अन्य सरकारी सहायता दिलाने के प्रयास किये जा रहे है।

## पर्यावरण के लिए मानद 'डॉक्टरेट ऑफ़ फिलॉसफी एनवायरनमेंट' उपाधि से सरगरा सम्मानित

**उपाधि को किया माता पिता के आशीर्वाद को समर्पित, प्रधानमंत्री मोदी के एक पेड़ माँ के नाम और मुख्य मंत्री भजनलाल के 'हरियालो राजस्थान' अभियान बनी प्रेरणा**

चमकता राजस्थान

**मनीष मेहता/जोधपुर।** जोधपुर के पर्यावरण प्रेमी विष्णु सरगरा को पर्यावरण क्षेत्र में पिछले 19 वर्षों से किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए रविवार को दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित मेपल गोल्ड बैंक्वेट्स में ग्लोबल फाउंडेशन ऑफ नॉलेज एंड अवाड्र्स काउंसिल द्वारा आयोजित डॉक्टरेट अवॉर्ड समारोह मे अमेरिका की सीडरब्रुक यूनिवर्सिटी ने मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित कर गोल्ड मेडल प्रदान किया। यूनिवर्सिटी ने उनके 19 वर्षों के पर्यावरण क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान को सम्मान देते हुए उन्हें Doctorate of philosophy environment से नवाजा गया। उन्होने समारोह मे उपस्थित देश विदेश की प्रतिभाओ के बीच पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करते हुए पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ का संदेश भी दिया। इस अवसर पर इंटरनेशनल अल्ट्रा रनर वर्ल्ड बुक ऑफ़ लंदन रिकॉर्ड होल्डर, राष्ट्रपति अवार्डेड, वन मैन आयरन मेन खिताब वर्ल्ड चैंपियन, द्रोणाचार्य अवार्डी हरेंद्र सिंह चौधरी, भारत सरकार में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय (आईआईपी) भारतीय पैकेजिंग संस्थान के अतिरिक्त निदेशक एवं क्षेत्रीय अधिकारी प्रो. डॉ. तनवीर आलम, कर्नाटक बेंगलोर शिवगंगादगम आश्रम के स्वामी जितेंद्र तिवारी, अखंड भारतीय राष्ट्रीय सेवा संघ नमो सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ बिजेंद्र सिंह डी अहलावत, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, मिसिज एशिया इंटरनेशनल दुबई, सोशल एक्टिविस्ट पिंकी तिलोकचंदानी, सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट धनेंद्र सिंह सहित यूनिवर्सिटी स्टाफ मौजूद रहा। यह उपाधि विष्णु सरगरा को विश्वविद्यालय के संयुक्त राज्य अमेरिका की सीनेट और कार्यकारी परिषद द्वारा ऑनर्स नॉमिनेशन एडवाइजरी कमेटी की सिफारिश पर प्रदान की गई है। उनको विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सभी अधिकारों, विशेषाधिकारों और सम्मान प्राप्त होगे।



## रानी तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क दिव्यांग शिविर प्रारम्भ हुआ



**चमकता राजस्थान/रानी।** मेन बाजार स्थित साई धाम मन्दीर परिसर मे तीन दिवसीय विशाल दिव्यांग सेवा शिविर शुभारम्भ हुआ। शिविर श्री चुन्नीलाल बख्तावरमल मेहता चेरिटेबल ट्रस्ट रानी के सहयोग से प्रारम्भ हुआ ! समारोह के मुख्य अतिथि उपखण्ड अधिकारी शिवा जोशी , भरत राठौड , हरीश गेहलोत , डालचंद चौहान , रानी नगरपालिका अधिशासी अधिकारी मगाराम चौधरी , ब्रह्माकुमारी की सोनू बहन, ज्योति प्रकाश अरोडा आदी का माला दुपटा मोमेंटो देकर बहुमान किया। रानी एन सी मेहता ने सभी अतिथियो का स्वागत किया , इस मौके पर नवरत्न सी मेहता ने कहा कि दिव्यांग जन एक समाज का हिस्सा है मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है उन्होंने शिविर में पधारे सभी का आभार प्रकट किया।

यह शिविर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग पाली तथा श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति जयपुर एवं श्री चुन्नीलाल बख्तावरमल मेहता चेरीटेबल ट्रस्ट रानी द्वारा 25,26,27 फरवरी तक आयोजित होगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या मे पधारकर दिव्यांग जन निःशुल्क लाभ ले। फोन पर रजिस्ट्रेशन करा सकते है। इस अवसर पर वरुण मेहता , कुशलराज मेहता, घीसुलाल चौधरी , जयंतिलाल वैष्णव, दिनेश जैन, रुपचंद पुनमिया, अशोक जैन उपस्थित थे शिविर में दिव्यांगो को, साईकल, छड़ी, कान की मशीन, ट्राई साईकिल, बैशाखी , ब्लाइंड स्टिक, व्हील चैयर, कृत्रिम हाथ व पैर, पालियों ग्रस्त के लिए कैलीपर्स सभी निः शुल्क दी गई।

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को भेजे गए गोमय गुलाल के पैकेट

- महापौर व नगरायुक्त ने किया निगम में गोमय गुलाल के स्टाल का शुभारंभ



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय कुमार व नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज निगम परिसर में कान्हा उपवन गौशाला में निर्मित गोमय गुलाल के स्टाल का फीता काटकर शुभारंभ किया। महापौर ने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति व मुख्यमंत्री सहित देश की अनेक नामचीन हस्तियों को गुलाल भेजने के लिए गौशाला प्रभारी डॉ.संदीप शर्मा को पैकेट सौंपे। महापौर डॉ.अजय कुमार ने बताया कि पिछले कुछ वर्षो से नगर निगम द्वारा संचालित कान्हा उपवन गौशाला द्वारा नगर निगम परिसर में गोबर से निर्मित गोमय गुलाल का स्टॉल लगाया जाता रहा है। आज गोमय गुलाल के स्टॉल का शुभारंभ किया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित देश के अनेक लोगों को यह गुलाल होली के उपलक्ष्य में भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक रंगों से तैयार यह गुलाल त्वचा के लिए सुरक्षित और इकोफ्रेंडली है, जिसकी मांग हर वर्ष बढ़ रही है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने कहा निगम की गौशाला नित नये नवाचारों के लिए पूरे देश में अपना एक विशिष्ट स्थान रखती है। गौशाला द्वारा निर्मित गुलाल लोगों के बीच काफी लोकप्रिय हुआ है, आम लोगों तक गुलाल पहुंचाने के लिए निगम परिसर में भी स्टॉल लगाया गया है। उन्होंने गौशाला प्रभारी डॉ. संदीप मिश्रा को प्रदेश के सभी नगर निगमों को भी गुलाल भेजने के निर्देश दिए।

## लाम्बा जाटान में निशुल्क नेत्र शिविर,

- 105 मरीजों की जांच, 35 के होंगे मुफ्त मोतियाबिंद ऑपरेशन



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** मेड़ता रोड के निकटवर्ती लाम्बा जाटान कस्बे में किशनदेवजी महाराज की छत्रीधाम दादू आश्रम में गुरु हस्ती मेड़ता सिटी के सान्निध्य में निशुल्क गुरु हस्ती नेत्र चिकित्सालय द्वारा निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

प्रकाश लटियाल ने बताया कि शिविर में ग्रामीणों की आंखों की निशुल्क जांच की गई। जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार मरीजों को उचित परामर्श दिया गया तथा निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में कुल 105 मरीजों ने पंजीकरण कराकर लाभ उठाया।

जांच के दौरान चिकित्सकों ने 35 मरीजों को मोतियाबिंद से ग्रसित पाया। चयनित सभी मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया है। इनका ऑपरेशन नेत्र चिकित्सालय में निशुल्क किया जाएगा।

इस अवसर पर नेमाराम महाराज, विकास अधिकारी प्रहलाद डूडी, कैन्हयालाल, हनुमानराम, जगाराम, प्रकाश लटियाल, कमल गोयल, गोतमराम, पप्पुराम, अशोक टेलर, संग्राम राम, लक्ष्मी विश्नोई, कमला सहित कई संस्थाओं के समाजसेवी उपस्थित रहे।

## विस्थापन उपरांत स्थापित परिवारों से मुलाकात कर भावनात्मक एवं नैतिक सहयोग प्रदान किया गया



**चमकता राजस्थान/राकेश अग्रवाल/सवाई माधोपुर।** रणथंभौर बाघ परियोजना के अंतर्गत तिलक नगर एवं पार्श्वनाथ नगर नीमली रोड में हिंदवार, कठुली एवं मोरडूंगरी से विस्थापित होकर स्थापित (पुनर्वासित) परिवारों से सोशियोलॉजिस्ट द्वारा संवाद किया गया। इस दौरान प्रत्येक परिवार से व्यक्तिगत रूप से मिलकर वार्तालाप किया गया तथा उनकी सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक परिस्थितियों एवं रहन-सहन की विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। मुलाकात के दौरान परिवारों ने पुनर्वास के पश्चात आ रही चुनौतियों, आजीविका के साधनों, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं तथा आधारभूत आवश्यकताओं से जुड़े मुद्दों को साझा किया। सोशियोलॉजिस्ट ने परिवारों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा उन्हें भावनात्मक एवं नैतिक सहयोग प्रदान किया। साथ ही परिवारों को आश्वस्त किया गया कि उनकी समस्याओं एवं सुझावों को संबंधित विभाग तक पहुँचाया जाएगा तथा आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर सामुदायिक सहयोग, आपसी समन्वय एवं सरकारी योजनाओं के लाभ के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया गया। रंथंभौर बाघ परियोजना के डीसीएफ मानस सिंह (क्र्र्र) ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य विस्थापित परिवारों की वास्तविक स्थिति का आकलन कर उन्हें भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना तथा उनके समग्र विकास के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। विस्थापित परिवारों में बच्चों एवं परिवारों के साथ विस्तृत चर्चा कर उनके हित में बेहतर प्रयास किए जाएंगे।

**जिम्मेदार कर्मचारी गायब,वेतन लेने में आगे - ड्यूटी निभाने में पीछे**

## शिक्षा के नाम पर खिलवाड़: 10:10 बजे तक स्कूल पर ताला,गेट पर खड़े रहे मासूम

चमकता राजस्थान

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** कुण्डल तहसील मुख्यालय स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राथमिक विंग में बुधवार को घोर लापरवाही का शर्मनाक मामला सामने आया। जबकी सरकार के द्वारा विद्यालयों का लॉक खुलने का समय 9:45 का होता हैं ,जिस समय बच्चों को कक्षा में बैठकर पढ़ाई करनी चाहिए थी, उस समय सुबह 10 बजकर 10 मिनट तक विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लटका रहा। छोटे-छोटे मासूम बच्चे बैग टांगे गेट के बाहर खड़े इंतजार करते रहे, लेकिन कोई जिम्मेदार कर्मचारी या शिक्षक मौके पर नजर नहीं आया।



सरकारी नौकरी की सुरक्षा और मोटा वेतन लेने वाले कर्मचारी समय पर ड्यूटी तक नहीं पहुंच पा रहे – यह घटना इसी सच्चाई को उजागर करती है। सवाल यह है कि जब शिक्षक खुद समय की मर्यादा नहीं निभा रहे, तो बच्चों को अनुशासन और जिम्मेदारी का पाठ कौन पढ़ाएगा?

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बच्चे काफी देर तक गेट के बाहर खड़े रहे। कुछ अभिभावकों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी नाराजगी जताई और इसे बच्चों के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ बताया। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल देरी नहीं, बल्कि कर्तव्य के प्रति लापरवाही और विभागीय उदासीनता का स्पष्ट उदाहरण है।

अभिभावकों और ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि संबंधित प्रधानाध्यापक व ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के खिलाफ तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी कर विभागीय जांच बैठाई जाए। लापरवाही सिद्ध होने पर निलंबन सहित कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी कर्मचारी बच्चों की पढ़ाई से समझौता करने की हिम्मत न करे।

यह घटना शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिन्ह है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि क्या विभाग जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई करेगा या फिर बच्चों का भविष्य यूं ही लापरवाही की भेंट चढ़ता रहेगा। ये तो आने वाला समय ही बतायेगा मौके पर ग्रामीण लाला राम जांगिड़, रमेश चंद्र मीणा,रतन लाल शर्मा,पवन शर्मा, रवि शर्मा, चंद्र प्रकाश शर्मा, दीपक शर्मा, शंकर, देवेन्द्र शर्मा मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### होली पर्व व रमजान शांति एवं सौहार्द के साथ मनाने की अपील



**चमकता राजस्थान/बदायूँ ।** होली पर्व व रमजान के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने बुधवार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार, पुलिस अधिकारियों एवं सहित गणमान्य नागरिक, धर्मगुरु एवं व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों के साथ शांति समिति की बैठक पुलिस ग्राउंड के सभागार में आयोजित की। परम्परागत तरीके से त्यौहार मनाए जाएं। कोई नई परंपरा नहीं पड़ने दी जाए। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। जनपद में पूर्व की भांति इस वर्ष भी होली व रमजान त्योहार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पुलिस एवं प्रशासन पूर्णतः प्रतिबद्ध है। पुलिस अधीक्षक नगर को सोशल मीडिया पर निगरानी हेतु नामित किया गया। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि त्योहार के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए तथा किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। संवेदनशील स्थलों पर ड्रोन से निगरानी कराई जाएगी। अधिकारियो ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों पर हुड़दंग, नशे की हालत में वाहन चलाने अथवा शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध कड़ी विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे आपसी सहयोग और सद्भाव के साथ पर्व मनाएं तथा किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दें। जनपद में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 प्रभावी है।

### जोधपुर में सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन




**चमकता राजस्थान/मनीष मेहता जोधपुर।** Rotary Club of Jodhpur Garima õfSXf Suncity Hospital के सहयोग से सर्वाइकल कैंसर जागरूकता एवं टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम, समय पर जांच एवं एचपीवी वैक्सीनेशन के महत्व के प्रति जागरूक करना था।

कार्यक्रम में डॉ. सुभद्रा सिंह ने सर्वाइकल कैंसर के कारण, लक्षण, बचाव एवं टीकाकरण की आवश्यकता पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जागरूकता और समय पर वैक्सीनेशन से इस बीमारी को काफी हद तक रोका जा सकता है।

इस शिविर में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं एवं क्षेत्र की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। 9 से 32 वर्ष आयु वर्ग की 30 से अधिक बालिकाओं एवं महिलाओं का सफलतापूर्वक टीकाकरण किया गया, जो इस अभियान की सार्थकता को दर्शाता है।

हम विशेष रूप से आभारी हैं नीता जैन, प्रेसिडेंट, जायंट्स ग्रुप ब्लूसिटी सहेली एवं सनसिटी हॉस्पिटल की, इस अद्भुत सहयोग और सफल समन्वय के लिए। रोटरी गरिमा के साथ उनका यह सशक्त सहयोग इस आयोजन की सफलता का आधार बना।

इस अवसर पर लायंस क्लब जोधपुर आगाज़ की अध्यक्ष शशि त्रिवेदी एवं लायंस व जायंट्स क्लब के सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे।

जिला गवर्नर रोटेरियन सोनल गोठी, क्लब सेक्रेटरी रोटेरियन पिंकी वर्मा, रोटेरियन कोनार्का गहलोत, रोटेरियन शेलू गुप्ता, रोटेरियन रितु गहलोत सहित रोटरी गरिमा के सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

क्लब अध्यक्ष कावेरी बजाज ने सभी सहयोगियों, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ भविष्य निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

रोटरी क्लब ऑफ जोधपुर गरिमा समाज सेवा एवं स्वास्थ्य जागरूकता के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है।

### उद्यमियों और व्यापारियों ने उठाए पानी निकासी व सड़क निर्माण के मुद्दे

- निगम में उद्योग बंधु और व्यापार बंधु की हुई अलग-अलग बैठकें



**चमकता राजस्थान/अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव की अध्यक्षता में आज शाम निगम के शाकुंभरी सभागार में उद्योग बंधु और व्यापार बंधु की अलग-अलग बैठके हुयी। बैठक में उद्यमियों एवं व्यापारियों द्वारा उठायी गयी समस्याओं के सम्बंध में नगर निगम द्वारा की गयी कार्रवाई से निगम अधिकारियों ने अवगत कराया। विभिन्न क्षेत्रों में खराब पड़ी लाईटों के सम्बंध में पथ प्रकाश प्रभारी/अधिशासी अभियंता वी बी सिंह ने व्यापारियों एवं उद्यमियों को आश्वस्त किया कि जल्दी ही लाइटों को ठीक कराने का कार्य शुरु करा दिया जायेगा। जनता रोड़, ब्रजेश नगर पुल के नीचे तथा जीपीओ रोड पर अतिक्रमण के सम्बंध में अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव ने प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग को प्राथमिकता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उद्योग बंधु की बैठक में आईआईए, लघु उद्योग भारती, सीआईएस व हौजरी एसोसियेशन से जुड़े उद्यमियों ने कामधेनु उद्योग नगर, दूधली देहरादून रोड, नवादा रोड़, ग्रीन लैंड इण्डस्ट्रियल एरिया आदि में सड़क व नाली निर्माण तथा जल निकासी के लिए नालों के निर्माण आदि के मुद्दे उठाये। जिस पर अधिशासी अभियंता निर्माण आलोक श्रीवास्तव ने सिलसिलेवार बताया कि उक्त निर्माण कार्यो के सम्बंध में महापौर डॉ. अजय कुमार के निर्देश पर निगम के निर्माण विभाग द्वारा आगणन तैयार कर लिए गए हैं, जिन्हें 15वें वित्त की आगामी बैठक में उन्हें प्रस्तावों में सम्मलित किया जायेगा। उद्यमियों ने अम्बाला रोड को गंगोह बाईपास मार्ग से जोड़ने वाले लिंक रोड़ की जीर्णशीर्ण अवस्था का उल्लेख करते हुए उसे आरसीसी से बनवाये जाने की मांग की। अधिकारियों ने बताया कि उक्त सड़क निर्माण के लिए महापौर के निर्देश पर 85 लाख रुपये का आगणन तैयार किया गया है, जिसे 15 वे वित्त की बैठक में सम्मलित किया जायेगा।

# केंद्र/राज्य बजट के विरोध में भारतीय मजदूर संघ ने रैली निकाल किया उग्र प्रदर्शन, पीएम-सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

चमकता राजस्थान




**ब्यूरो चीफ पुनित चपलोत/भीलवाड़ा।** भारतीय मजदूर संघ (भा.म.स) के प्रदेश व केंद्र कार्यसमिति के निर्णयानुसार भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर जिला अध्यक्ष रजनी शक्तावत एवं जिला मंत्री हरीश कुमार सुवालका के नेतृत्व में मुखर्जी पार्क से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर उग्र प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला मंत्री हरीश कुमार सुवालका ने आरोप लगाया कि केंद्र व राज्य सरकार ने मानदेय कर्मियों, संविदा कर्मियों, ठेका कार्मिकों और अन्य मजदूर वर्ग की मांगों की अनदेखी की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2018 के बाद मानदेय में एक रुपये की भी वृद्धि नहीं की, जिसे दोगुना किया जाना चाहिए।

ज्ञापन में चार लेबर कोड में से दो में संशोधन हेतु दिए गए सुझावों पर अमल करने, ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन 8,500 रुपये करने, ईपीएस में अनिवार्य अंशदान हेतु वेतन सीमा 30,000 रुपये तथा ईसीआईएस की वेतन सीमा 42,000 रुपये करने की मांग की गई। साथ ही बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत गणना की वेतन सीमा 7,000 रुपये और पात्रता सीमा 21,000 रुपये प्रतिमाह करने की मांग उठाई गई। स्कीम वर्कर्स व ठेका कार्मिकों को स्थायी करने की मांग भी प्रमुख रही। राज्य सरकार से संबंधित मांगों में मानदेय कर्मियों का मानदेय बढ़ाने, केंद्र व राज्य अंश का भुगतान प्रत्येक माह 1 से 5 तारीख के बीच सुनिश्चित करने, पूर्व बजट में घोषित स्कीम वर्कर्स को सेवा निवृत्ति पर 3 लाख रुपये ग्रेच्युटी लागू करने, विद्युत एवं अन्य विभागों में कार्यरत ठेका कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 21,000 रुपये प्रतिमाह निर्धारित करने तथा जॉब, वेतन और सामाजिक सुरक्षा देने की मांग शामिल रही।

इसके अलावा रोडवेज कर्मचारियों का वेतन व पेंशन समय पर देने, नई बसों की खरीद, विद्युत विभाग में निजीकरण पर रोक, असंगठित क्षेत्र के लिए कल्याण बोर्डों का गठन, ब्लाॅक स्तर पर श्रम अधिकारियों की नियुक्ति, राजस्थान में न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने तथा भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण मंडल की योजनाओं को पुनः लागू करने की मांग की गई।

## राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग में पदोन्नति के बाद पदस्थापन आदेश जारी होने के बाद डॉ रमेश चंद्र मीणा का स्टाफ के कर्मचारीयों व ग्रामीणों के द्वारा किया गया स्वागत सत्कार

चमकता राजस्थान



**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/कुण्डल।** राजस्थान सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा जारी समसंख्यक आदेश दिनांक 19.09.2025 एवं 28.12.2025 के तहत राजस्थान पशुपालन सेवा के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी (सामान्य) से उपनिदेशक (सामान्य) पद पर पदोन्नति के उपरांत अधिकारियों के पदस्थापन आदेश जारी किए गए हैं। यह पदस्थापन प्रशासनिक सुधार विभाग के परिपत्र दिनांक 13.06.2024 के अनुसरण में किए गए हैं। आदेशानुसार संबंधित अधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित रिक्त पदों पर तत्काल प्रभाव से पदस्थापित किया गया है।

इसी क्रम में बुधवार को डॉ. रमेश चंद मीणा का पदस्थापन प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय कुंडल से बीवीएचओ सैंथल के उप निदेशक पद पर किया गया है। डॉ. मीणा के पदस्थापन की सूचना मिलते ही पशु चिकित्सालय कुंडल के स्टाफ सदस्य और ग्रामीणों द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

इस अवसर पर स्टाफ ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में क्षेत्र के पशुपालकों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हुईं है। विष्णु छीपा ने डॉ. रमेश मीणा के नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर पशुवधन प्रसार अधिकारी लवलीन गुर्जर, पशुधन निरीक्षक रामकरण सैनी, गिरिराज गुप्ता कालोता, सतीश वर्मा सिंडोली, किशन सिंह काली पहाड़ी, मनीष सैनी, दीपक शर्मा, महेश गुर्जर, और

## परिवहन विभाग की कार्रवाई के विरोध में दूसरे दिन भी चक्का जामः भीलवाड़ा में 1800 प्राइवेट बसें-टैक्सियां बंद

- प्राइवेट बस स्टैंड से कलेक्ट्रेट तक निकाली विरोध रैली



**चमकता राजस्थान/पुनित चपलोत/भीलवाड़ा।** परिवहन विभाग की कार्रवाई के विरोध में प्रदेश भर में दूसरे दिन भी प्राइवेट बसों और टैक्सियों की हड़ताल जारी रही। भीलवाड़ा जिले में करीब 1800 प्राइवेट बसें और टैक्सियां सड़कों पर नहीं उतरीं, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। हड़ताल के तहत बुधवार को प्राइवेट बस संचालक प्राइवेट बस स्टैंड पर एकत्र हुए। यहां से बस ऑपरेटर एसोसिएशन, मोटर बॉडी एसोसिएशन, निजी बस एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी, भीलवाड़ा जिला स्लीपर कोच एसोसिएशन और टैक्सी एसोसिएशन सहित विभिन्न संगठनों के सदस्यों ने संयुक्त रूप से रैली निकाली। रैली सूचना केंद्र और रेलवे स्टेशन मार्ग से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। बस ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश चंद्र ओझा ने बताया कि मुख्यमंत्री के नाम नौ सूत्रीय ज्ञापन एडीएम सिटी प्रतिभा देवठिया को सौंपा गया। ज्ञापन में आरसी सस्पेंड नहीं करने, गलत चालान नहीं बनाने, पुरानी बसों पर ओवरलोडिंग या सेफ्टी नियमों के उल्लंघन में धारा 153 नहीं लगाने, सवारियों से भरी बसों को रास्ते में खाली नहीं कराने तथा बसों और टैक्सियों में लगेज कैरियर पुनः लगाने की अनुमति देने जैसी मांगें शामिल हैं। इस दौरान विशाल सुखवाल, देवीलाल जांगिड़, कलीम काजी, मनोज पारीक, राजेंद्र मोगरा, नगर निगम के निवर्तमान नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक, पीसीसी मेंबर मनोज पालीवाल सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। हड़ताल जारी रहने से आमजन और यात्रियों को वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ा।

## नागौर में निजी बसों के पहिए थमे, कलेक्ट्रेट पर ऑपरेटर्स का हल्ला बोल



**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** नागौर में निजी बस ऑपरेटरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल का आगाज़ कर दिया है। हड़ताल के चलते जिलेभर में यातायात व्यवस्था प्रभावित हो गई है और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निजी बसों के बंद रहने से उन कई रूट्स पर यातायात ठप हो गया है, जहां रोडवेज बसों का संचालन नहीं होता। ऐसे में ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों से आने-जाने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दूसरी ओर रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन अतिरिक्त बसों की व्यवस्था नहीं की गई है। कुछ ग्रामीण रूट्स पर स्थानीय स्तर पर सीमित निजी बसें संचालित हो रही हैं। हड़ताल पर उतरे बस ऑपरेटर्स ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उनका कहना है कि उन्हें रोडवेज के समान व्यवहार और सुविधाएं दी जाएं। ऑपरेटर्स ने चेतावनी दी है कि बुधवार तक कुछ मार्गों पर बसों का संचालन किया गया, लेकिन गुरुवार से सभी निजी बसें पूरी तरह बंद रहेंगी।

- **7 हजार से अधिक यात्री प्रभावित**

जिला मुख्यालय से करीब 250 निजी बसों का संचालन होता है, जिनसे प्रतिदिन 7 हजार से अधिक यात्री सफर करते हैं। हड़ताल के कारण इन यात्रियों की दैनिक दिनचर्या और जरूरी कामकाज प्रभावित हो रहे हैं।

निजी बस संचालक ऑपरेटर्स संघ के सचिव लिखमर्म भाम्भू ने बताया कि जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक हड़ताल जारी

## शहीद भगतसिंह स्टेडियम में अमृता हाट का हुआ शुभारंभ, 27 फरवरी तक रहेगा संचालित



**चमकता राजस्थान/जालौर/कयूम खान/जालोर।** जिला प्रशासन एवं महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वयं सहायता समूह एवं उद्यमी महिलाओं द्वारा तैयार उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने व आर्थिक संबलता प्रदान करने के लिए मंगलवार को शहीद भगतसिंह स्टेडियम जालोर में शुभारंभ हुआ।आज 25 कोजालौर जिला कलेक्टर साहब द्वारा मेले का निरीक्षण किया गया .

महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह सिलोर ने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में 23 से 27 फरवरी, 2026 तक अमृता हाट का आयोजन किया जा रहा हैं। अमृता हाट मेले में विभिन्न जिलो के स्वयं सहायता समूहों की 50 स्टॉल लगाई गई हैं।

मेले में स्वयं सहायता समूहों द्वारा हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे मिट्टी के बर्तन, गर्म पट्टू, मूंग पापड़, आम पापड़, दलिया, नमकीन, हींग, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, रेडीमेंड गारमेंट, श्रृंगार सामग्री, आचार, मुरब्बा, घर का साज-सजावट का सामान, टेरीकोटा, मीनाकारी, नेट की साड़ियाँ, सूट, मनिहारी, पूजा थाली, मार्बल की मूर्तियाँ, जूट का सामान, कठपूतलियाँ, कशीदे का सामान, केर, सांगरी, कुमठिया व खाने-पीने का शुद्ध देशी गुणवत्तायुक्त उत्पाद उचित दर पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। अमृता हाट मेला शहीद भगतसिंह स्टेडियम जालोर में 27 फरवरी तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक संचालित रहेगा।

- **मेले के दौरान इन गतिविधियों का होगा आयोजन**

मेले के दौरान 26 फरवरी को मिस एण्ड मिसेज अमृता हाट तथा 27 फरवरी को सायं 4 बजे अमृता हाट मेले का समापन व पुरस्कार वितरण किया जायेगा।

शुभारंभ अवसर पर स्वयं सहायता समूह के सदस्य, विभागीय अधिकारी-कार्मिक एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## उत्साह और उमंग के साथ निकली धमका पांचु की दूसरी गैर

- 2 मार्च होली व 3 मार्च धुलण्डी पर निकलेगी माली समाज की ऐतिहासिक मुख्य गैर।



**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/मेहराम गहलोत।** पीपाड़ शहर कस्बे में माली समाज की ओर से मालियान आथुणी हथाई से निकलने वाली ऐतिहासिक होली की गैर ''धमका पांचु'' की दूसरी गैर उत्साह और उमंग के साथ निकाली गई। चंग की थाप, पैरों में घुंघरू, सिर पर रंग-बिरंगे साफे, धोती-कमीज की पारम्परिक वेशभूषा और फागण गीतों की मस्ती के साथ पूरा माहौल फागणमय हो गया। गैरीयों ने चंग की थाप पर पारम्परिक फागुनी गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान ''हां रे फागण फरवरियो'', ''होळी आइगी'', ''पाबु परणिजे'', ''मेहंदी वाळो खेत'', ''ढूंढ करावो थारे मोबी बेटा री'' सहित कई गीतों से माहौल रंगीन हो उठा।

- **इन चरणों में निकलेगी धमका पांचु गैर**

आयोजन समिति के रामदिन भलालिया ने बताया कि पांच गैर 22 फरवरी से शुरू हुई, जिसमें 24 फरवरी को दूसरी गैर निकाली गई। आगामी गैर 26 फरवरी व 28 फरवरी को निकाली जाएगी। गैर का मार्ग आथुणी हथाई से व्यापारी मोहल्ला, सुभाष घाट, मोचीवाड़ा, चौपाटा बाजार, कोट गेट, ईलाजी बाजार होते हुए छीपो के मोहल्ले से सावित्रीबाई फुले माली समाज भवन, पुरानी नगर पालिका रोड होकर पुनः आथुणी हथाई पर समापन होगा।

- **2 मार्च होली व 3 मार्च धुलण्डी पर निकलेगी मुख्य गैर**

माली समाज के अध्यक्ष सुखदेव सैनी ने बताया कि दोनों हथाई पर आयोजित पंचगण की बैठक में निर्णय लिया गया कि 2 मार्च को होली तथा 3 मार्च को धुलण्डी पर मुख्य गैर आथुणी हथाई, खैरादी मोहल्ला, शहीदों का चौक, व्यापारी मोहल्ला, नगर पालिका रोड होते हुए सब्जी मंडी के पास विसर्जित होगी। पंचगण द्वारा सभी प्रतिभागियों से नशामुक्त होकर आने का आह्वान भी किया गया। आयोजन समिति ने मार्ग में अतिक्रमण हटाने, साफ-सफाई एवं लाइटिंग व्यवस्था के लिए नगर पालिका प्रशासन को अवगत कराया है।

### अधिकारों व कानूनों पर विस्तृत चर्चा

# ग्राम पंचायत छिलोडी में सामुदायिक जागरूकता बैठक आयोजित हुई

चमकता राजस्थान




**लक्ष्मणगढ़/अलवर (नरेन्द्र तिलकपुर)।** समीपवर्ती पंचायत समिति रैणी क्षेत्र के ग्राम पंचायत छिलोडी मे सामुदायिक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दलित अधिकार केन्द्र, जिला अलवर द्वारा किया गया।

बैठक के मुख्य वक्ता शैलेष गौतम (जिला समन्वयक, दलित अधिकार केन्द्र, जिला अलवर) रहे। उन्होंने कहा कि दलित, वंचित और ग्रामीण समुदायों का सामाजिक एवं आर्थिक विकास तभी संभव है, जब समाज के अंतिम व्यक्ति तक जागरूकता पहुंचे। उन्होंने कहा कि दलित अधिकार केन्द्र का उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों, कानूनों और विकास की प्रक्रिया से जोड़ना है, ताकि वे स्वयं अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त समानता का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, बाल अधिकार कानून, श्रम कानून, भूमि एवं आवास से जुड़े अधिकार, तथा एससी/एसटी डेवलपमेंट फंड एक्ट, 2022 के प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह कानून सामाजिक एवं आर्थिक विकास को संस्थागत रूप देने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, और इसका प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है जब समुदाय स्वयं जागरूक और संगठित हो।

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल कोली, मुंशी राम वर्मा एवं मीरा देवी ने भी वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। उन्होंने ग्रामीण समुदाय से आ''ान किया कि वे शिक्षा, संगठन और कानूनी समझ के माध्यम से भेदभाव, शोषण और अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं।

बैठक में सुरेश बैरवा, घीसाराम बैरवा, कंचन, कमला, राजेश वर्मा सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने सामाजिक न्याय, समानता और अधिकार आधारित सोच को मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण समाज में जागरूकता बढ़ाकर सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस पहल करना रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### हर्षोल्लाह के साथ निकली छोटे नंदकेश्वर की गैर, भक्तिरस में डूबा सांभर

● छम छम नाचे नांदया बाबो मोती डूंगरी वालों



**चमकता राजस्थान/सांभर लेक। कालीचरण सैनी।** नंदकेश्वर सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान नंदकेश्वर की छोटी गैर बुधवार को हर्षोल्लाह और भक्ति भाव के साथ निकाली गई। छोटा बाजार स्थित सूरज जी के मंदिर, नंदकेश्वर मेला स्थल से सायं सवारी विधि-विधान के साथ रवाना हुई। भव्य गैर निर्धारित मार्ग से चारभुजा की गली, पुरानी कोर्ट, पुरानी नगर पालिका होते हुए कटला बाजार पहुंची और वहां से पुनः मेला स्थल के लिए प्रस्थान किया। सवारी मार्ग पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते हुए भक्ति में लीन नजर आए। गैर में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शहर के विभिन्न स्थानों पर सवारी का रंग-गुलाल, पुष्प वर्षा एवं आरती के साथ भव्य स्वागत किया गया। पूरे शहर में होली महोत्सव का उल्लास और धार्मिक आस्था का माहौल देखने को मिला। सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए। एडिशनल एसपी शिवलाल बैरवा, वृताधिकारी अनुपम मिश्रा, सांभर थाना प्रभारी राममिलन मीणा तथा फुलेरा थाना प्रभारी राजेंद्र यादव के नेतृत्व में जगह-जगह पुलिस जाप्ता तैनात रहा। इस दौरान नंदकेश्वर सेवा समिति के इस मोके पर समिति के अनिल गट्टानी, पवन मोदी, हिमांशु व्यास, उमाशंकर व्यास, दीपक व्यास,पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता व्यवस्था संभालते हुए मौके पर मौजूद रहे।

### पीपाड़ शहर में शांति एवं सौहार्द की विशेष बैठक सम्पन्न

● होली पर निकलने वाली मुख्य गैर को लेकर प्रशासन अलर्ट



**चमकता राजस्थान/पीपाड़ शहर/मेहराम गहलोत।** पीपाड़ शहर में आगामी होली पर्व एवं माली समाज की ऐतिहासिक मुख्य गैर को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपखण्ड अधिकारी नेमाराम रॉयल ने उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि त्योंहार के दौरान सफाई व्यवस्था सुचारू रखी जाए, प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। वृताधिकारी भोपाल सिंह ने होली गैर जुलूस के दौरान पर्याप्त पुलिस जाब्ता तैनात करने का आश्वासन देते हुए आमजन से शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पूर्व पालिका अध्यक्ष महेन्द्र सिंह कच्छवाहा ने पीपाड़ शहर की परम्परागत गैर और सामाजिक सद्भाव की परम्परा पर प्रकाश डाला। माली समाज अध्यक्ष सुखदेव सैनी ने मुख्य गैर के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं, लाइसेंस नवीनीकरण, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत तथा मार्ग व्यवस्थापन की मांग रखी, जिस पर प्रशासन ने सकारात्मक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बैठक में अतिक्रमण हटाने एवं हाथ ठेलों को व्यवस्थित करने पर भी चर्चा हुई।

● **मुख्य गैर का आयोजन**

बैठक में निर्णय लिया गया कि 2 मार्च को होली एवं 3 मार्च धुलण्डी पर माली समाज की ऐतिहासिक मुख्य गैर आथुणी हथाई से प्रारम्भ होकर खैरादी मोहल्ला, शहीदों का चौक, व्यापारी मोहल्ला, सावित्री बाई फुले माली संस्थान पूर्व नगर पालिका रोड होते हुए सब्जी मंडी क्षेत्र में विसर्जित होगी। प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

# राजस्थान कांग्रेस करेगी ट्रेड डील के कारण राजस्थान प्रदेश के व्यवसायियों के हितों पर पडने् वाले विपरीत प्रभाव के विरूद्ध प्रदेश में आन्दोलन

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 25 फरवरी।** अमेरिका से केन्द्र सरकार द्वारा की गई ट्रेड डील के कारण राजस्थान प्रदेश के किसानों, उद्यमियों, हैण्डीक्राफ्ट व्यवसायियों को होने वाले नुकसान तथा हितों पर पडने् वाले विपरीत प्रभाव के विरूद्ध प्रदेश में आन्दोलन प्रारम्भ करने व आन्दोलन की रूपरेखा तैयार करने हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गॉधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों, प्रदेश कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्यों, हनुमानगढ़ व श्रीगंगानगर जिले के विधायकों, विधायक प्रत्याशियों, सांसद, पूर्व सांसद, सांसद प्रत्याशी, अग्रिम संगठन के प्रदेशाध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। बैठक में एआईसीसी प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सी. पी. जोशी, सहप्रभारी एआईसीसी रित्विक मकवाना, चिरंजी राव, एआईसीसी सचिव श्रीमती रेहाना रियाज भी शामिल रहे।







बैठक को सम्बोधित करते हुये प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका से दबाव में आकर ट्रेड डील स्वीकार की है, उसके विपरीत प्रभाव प्रदेश के किसानों, व्यापारियों और उद्योगपतियों पर पड़ेगें। प्रधानमंत्री ने देश के किसानों के हितों से समझौता करते हुये अमेरिका से ट्रेड डील की है, जिसका कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से विरोध करेगी और देश के किसानों, व्यापारियों के हितों को सुरक्षित रखने के लिये हर सम्भव कदम और संघर्ष करने के लिये कांग्रेस कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है। कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदेशभर में अमेरिकी ट्रेड डील से आहत होने वाले किसानों व व्यापारियों के बीच जाकर केन्द्र सरकार द्वारा देश हित के विपरीत लिये गये निर्णय और केन्द्र सरकार द्वारा अमेरिका से किये गये समझौते को उजागर करेंगे। प्रदेश में किसान सम्मेलन के आयोजन से अभियान प्रारम्भ होगा, सम्मेलन में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गॉधी व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे शामिल होंगे। इस सम्मेलन का आयोजन श्रीगंगानगर में 9 मार्च को प्रस्तावित है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी से प्रस्ताव स्वीकार होने पर प्रदेशभर में आन्दोलन प्रारम्भ होगा। कांग्रेस कार्यकर्ता गॉव-गॉव, ढाणी-ढाणी जाकर केन्द्र सरकार ने किस प्रकार किसानों के हितों से समझौता किया है, इसकी जानकारी आमजन को देंगे और जिला, ब्लॉक, मण्डल स्तर तक बैठकें आयोजित की जाकर केन्द्र सरकार द्वारा किसानों एवं कृषि से जुड़े उद्यमियों के हितों पर कुठाराघात करते हुये अमेरिका से की गई ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेस द्वारा आन्दोलन चलाया जायेगा।

इस अवसर पर एआईसीसी प्रभारी श्री सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है और भाजपा की केन्द्र सरकार ने किसानों के हितों से समझौता करते हुये अमेरिका से ट्रेड डील कर ली, यह न सिर्फ देश की कृषि पर विपरीत प्रभाव डालेगा बल्कि कृषि से जुड़े हुये उद्योगों पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा, इसलिये देश हित में कांग्रेस पार्टी केन्द्र सरकार के जनविरोधी निर्णय के विरूद्ध आन्दोलन कर रही है। सभी कांग्रेसजनों को एकजुट होकर अपना योगदान इस अभियान से जुड़कर देना चाहिये।

**आयुष नीति 2021 के तहत चरणबद्ध विस्तार, संसाधनों की उपलब्धता पर होगा निर्णय**

# गुणावगुण व बजट के आधार पर खुलेंगे आयुष चिकित्सालय: डॉ. प्रेमचन्द बैरवा उप मुख्यमंत्री

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 25 फरवरी।** उप मुख्यमंत्री एवं आयुर्वेद मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने स्पष्ट किया है कि राज्य में आयुष चिकित्सालयों का विस्तार आयुष नीति 2021 के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्लॉक मुख्यालयों पर आयुष चिकित्सालय गुणावगुण (व्यवहार्यता) के आकलन के आधार पर चरणबद्ध रूप से खोले जाने का प्रावधान है तथा आवश्यकता, संसाधनों की उपलब्धता और बजट प्रावधानों



को ध्यान में रखते हुए भविष्य में नए चिकित्सालयों की स्थापना की जाएगी।विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक धर्मपाल द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए डॉ. बैरवा ने बताया कि खेतड़ी में वर्तमान में संचालित राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय भामाशाह द्वारा निर्मित भवन में संचालित हो रहा है। यह भवन विभाग के स्वामित्व में नहीं है। ऐसे में स्थायी समाधान के लिए भूमि आवंटन, गुणावगुण के समुचित आकलन तथा बजट उपलब्धता के आधार पर नए भवन निर्माण पर विचार किया जाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आयुष सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और ग्रामीण व अर्द्धशहरी क्षेत्रों में आयुर्वेद सहित आयुष पद्धतियों की पहुंच बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध प्रयास किए जा रहे हैं।इससे पूर्व मूल प्रश्न के लिखित उत्तर में आयुर्वेद मंत्री ने अवगत कराया कि आयुर्वेद विभाग के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र खेतड़ी में वर्तमान में 18 आयुर्वेद औषधालय संचालित हो रहे हैं, जो स्थानीय नागरिकों को पारंपरिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।सरकार ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि आयुष क्षेत्र का विस्तार केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि व्यवहार्यता, आधारभूत संरचना और वित्तीय अनुशासन को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा।


# समाज,राज्य और राष्ट्र विकास के लिए प्रार्थना

## यज्ञ सनातन संस्कृति के सर्वकल्याण की उज्ज्वल दृष्टि है : राज्यपाल हरिभाऊ बागडे

● **कोटि होमात्मक नव दिवसीय 108 श्री राम महायज्ञ में दी आहुति, शांति और समृद्धि की कामना**

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने बुधवार को आयोजित कोटि होमात्मक नव दिवसीय 108 श्री राम महायज्ञ में सहभागिता करते हुए विधिवत आहुति दी तथा राज्य और राष्ट्र की उन्नति, शांति एवं समृद्धि के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर उन्होंने आध्यात्मिक चेतना, सामाजिक समरसता और सकारात्मक ऊर्जा के प्रसार को यज्ञ की मूल भावना बताया राज्यपाल बागडे ने अपने संबोधन में कहा कि सनातन संस्कृति विश्व



को सर्वकल्याण का संदेश देती है और यज्ञ उसी उज्ज्वल परंपरा का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को प्रकाशमान करने वाला आध्यात्मिक माध्यम है, जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र तीनों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे पवित्र अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध कर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं, जिससे समाज में शांति, सद्भाव और नैतिक मूल्यों की स्थापना होती है। राज्यपाल ने यह भी उल्लेख किया कि सनातन संस्कृति की मूल भावना 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' में निहित है, जो समस्त मानवता के कल्याण की कामना करती है।महायज्ञ में संत-महात्माओं, गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राज्यपाल ने आहुति अर्पित कर राज्य की निरंतर प्रगति और राष्ट्र की समृद्धि की मंगलकामना की।

### शाहपुरा तहसील के पटवारी विरेन्द्र फरसवाल एपीओः शिकायत की जांच लंबित

● कलक्ट्रेट की भू-अभिलेख शाखा में किया गया पदस्थापन

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 25 फरवरी।** जिला प्रशासन जयपुर ने प्रशासनिक पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शाहपुरा तहसील के पटवार मण्डल सुराणा में कार्यरत पटवारी विरेन्द्र फरसवाल को एपीओ (अद्द३ऌ ढङ्ग२३ऌ ड१ी१२) कर दिया है।अतिरिक्त जिला कलेक्टर आशीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संबंधित पटवारी के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच वर्तमान में विचाराधीन है। जांच प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से उन्हें तत्काल प्रभाव से भू-अभिलेख शाखा, कलेक्ट्रेट जयपुर में आदेश प्रतीक्षारत रखा गया है।प्रशासन का यह निर्णय स्पष्ट संकेत देता है कि शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है तथा निष्पक्ष जांच के दौरान संबंधित अधिकारी को मूल पद से अलग रखना आवश्यक समझा गया है। जिला प्रशासन ने दोहराया है कि शिकायतों की पारदर्शी जांच कर आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के तहत चाकसू में स्वास्थ्य कार्मिकों का प्रशिक्षण

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 25 फरवरी।** गुरू गोलवलकर आकांक्षी ब्लॉक विकास योजना के अंतर्गत जयपुर जिले के चयनित खण्ड चाकसू में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा सहयोगिनी, नर्सिंग ऑफिसर, एएनएम एवं पीएचसी आशा सुपरवाइजर का तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में उपजिला अस्पताल चाकसू तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कादेड़ा एवं थूनी अहीरान क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।प्रशिक्षण का शुभारम्भ उपखण्ड अधिकारी सुश्री निधि मीणा ने किया। इस अवसर पर खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दायमा ने योजना के तहत निर्धारित सात प्रमुख संकेतकों पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु प्रत्येक बिंदु की विस्तृत जानकारी दी। खण्ड कार्यक्रम अधिकारी एवं खण्ड आशा सुपरवाइजर द्वारा सेक्टरवार लक्ष्यों की समीक्षा भी की गई।एनसीडी स्क्रीनिंग के तहत 30 वर्ष से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों के सीबीएसी फॉर्म भरकर पोर्टल पर अपडेट करने तथा उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में उपजिला अस्पताल चाकसू एवं संबंधित पीएचसी क्षेत्रों के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।उपजिला अस्पताल चाकसू की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रेखा शर्मा ने गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव तथा प्रसव पश्चात देखभाल के विषय में विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, लक्षित समूहों तक प्रभावी पहुंच तथा योजना के अंतर्गत निर्धारित संकेतकों की शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करना है।

# मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन के पास फाटक सी-99ए पर 12 घंटे का विशेष ब्लॉक, आरयूबी निर्माण को गति

चमकता राजस्थान

मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी। मेड़ता रोड (नागौर)। मेड़ता रोड रेलवे स्टेशन के एमटीडी बी क्षेत्र में स्थित फाटक संख्या सी-99ए पर बुधवार सुबह 10:30 बजे से रात 10:30 बजे तक 12 घंटे का विशेष ब्लॉक लिया गया। यह ब्लॉक रेलवे अंडरपास (आरयूबी) के निर्माण कार्य को सुरक्षित और तकनीकी मानकों के अनुरूप पूरा करने के उद्देश्य से लिया गया।

● **ट्रेनों का संचालन मुख्य स्टेशन से**

ब्लॉक के दौरान ट्रेन संख्या 19720 सूरतगढ़ - जयपुर पैसेंजर तथा ट्रेन संख्या 12486 जयपुरझ्रजैसलमेर एक्सप्रेस का संचालन मेड़ता रोड बी स्टेशन के स्थान पर मुख्य स्टेशन से किया गया। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व सूचना जारी की थी, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम पूरे समय मौके पर मौजूद रही तथा सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन किया गया।



● **अत्याधुनिक तकनीक से निर्माण**

फाटक संख्या सी-99ए पर 18 मीटर × 5 मीटर के विशाल बॉक्स को हाइड्रोलिक जैक की सहायता से सटीक इंजीनियरिंग तकनीक के माध्यम से स्थापित किया गया। इस बॉक्स के ऊपर रेलवे ट्रैक बिछाकर सैकड़ों टन वजनी रेलगाड़ियों का संचालन किया जाएगा। अत्याधुनिक तकनीक से बनाए जा रहे इस अंडरपास का कार्य तेज गति से जारी है।

● **जाम से मिलेगी स्थायी राहत**

यह फाटक लंबे समय से क्षेत्रवासियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था। फाटक बंद रहने पर वाहन चालकों को घंटों जाम का सामना करना पड़ता था। आरयूबी निर्माण के बाद सड़क यातायात निर्बाध रूप से संचालित हो सकेगा और आमजन को स्थायी राहत मिलेगी।

● **गुणवत्ता और सुरक्षा पर विशेष ध्यान**

निर्माण कार्य नरूका कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा किया जा रहा है, जिसकी निगरानी इंजीनियर पवन कुमार कर रहे हैं। कार्य के दौरान गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी या सुरक्षा संबंधी समस्या न आए।

# देवनानी से दिल्ली विधानसभा के विधायक अजय महावर की शिष्टाचार भेंट

● **लोकतांत्रिक परंपराओं, संसदीय नवाचारों और जनहित विषयों पर हुई सकारात्मक चर्चा**

चमकता राजस्थान



**जयपुर, 25 फरवरी।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से दिल्ली विधानसभा के विधायक श्री अजय महावर ने आज शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनोंजनप्रतिनिधियों के बीच लोकतांत्रिक मूल्यों, विधानसभाओं की कार्यप्रणाली, संसदीय परंपराओं तथा जनहित से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।बैठक के दौरान विधायक अजय महावर ने राजस्थान विधानसभा की संसदीय व्यवस्था, प्रक्रियागत पारदर्शिता तथा नवाचारों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राजस्थान विधानसभा द्वारा अपनाए गए कई नवोन्मेषी कदम अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत हैं। इस संदर्भ में उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से संसदीय संचालन, सदन की कार्यकुशलता और जनप्रतिनिधियों की भूमिका को और प्रभावी बनाने संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त किया।विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की मजबूती में जनप्रतिनिधियों की सक्रिय, जवाबदेह और सकारात्मक भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों के बीच संवाद, अनुभवों का आदान-प्रदान और श्रेष्ठ प्रक्रियाओं की साझेदारी लोकतांत्रिक प्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और जनोन्मुख बनाती है उन्होंने यह भी कहा कि लोकतंत्र की सुदृढ़ता केवल सदन की कार्यवाही तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जनभावनाओं के सम्मान, नीति-निर्माण में सहभागिता और पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था पर भी निर्भर करती है। राज्यों के बीच निरंतर समन्वय और संवाद से संसदीय परंपराएं और अधिक समृद्ध होती हैं।

यह शिष्टाचार भेंट लोकतांत्रिक सहयोग और संसदीय समन्वय की दिशा में एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है।

आस्था, तकनीक और सेवा का महाकुंभ

# खाटूधाम में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, सुरक्षा और प्रबंधन का बना आदर्श मॉडल

## फाल्गुनी लक्खी मेले में 35 लाख श्रद्धालुओं की संभावित भागीदारी, 5 हजार से अधिक जवान तैनात

चमकता राजस्थान

जयपुर! (खलील कुरैशी) 25 फरवरी। सीकर जिले स्थित विश्वविख्यात तीर्थ खाटूश्यामजी में 21 से 28 फरवरी तक आयोजित फाल्गुनी लक्खी मेला इस वर्ष आस्था, अनुशासन और आधुनिक तकनीक के समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर सामने आया है। लगभग 35 लाख श्रद्धालुओं के आगमन के अनुमान के बीच राजस्थान पुलिस, जिला प्रशासन और श्री श्याम मंदिर कमेटी ने मिलकर सुरक्षा और सुविधा की व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की हैं।

- **उच्च स्तरीय निरीक्षण और समन्वित तैयारियां**

फाल्गुन एकादशी से पूर्व सीकर एसपी प्रवीण नायक नूनावत एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने मेला क्षेत्र, मंदिर परिसर और पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर भीड़ प्रबंधन व सुरक्षा रणनीति की समीक्षा की। अधिकारियों को सतर्कता और सेवा-भाव के साथ व्यवस्थाएं त्रुटिहीन रखने के निर्देश दिए गए।

- **हाईटेक सुरक्षा घेरा और रीयल-टाइम मॉनिटरिंग**

पूरे मेला क्षेत्र को 22 सेक्टर और 350 सब-सेक्टर में विभाजित कर 5 हजार से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन निगरानी और केंद्रीकृत कंट्रोल रूम से 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। 44 डिजिटल एलईडी स्क्रीन पर दर्शन समय, प्रतीक्षा अवधि और आवश्यक सूचनाएं प्रदर्शित की जा रही हैं।





### संवेदनशील पहल और सामाजिक संदेश

दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष वाहनों और व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है। ''मेला सेल्फी प्रतियोगिता'', नशामुक्ति शपथ और साइबर जागरूकता अभियान जैसे नवाचारों से पुलिस-जन सहयोग को प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

### मर्यादा और स्वच्छता की अपील

भजन गायक कन्हैया मित्तल ने श्रद्धालुओं से अवगुण त्यागने, स्वच्छता बनाए रखने और अनुशासन का पालन करने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि फाल्गुनी लक्खी मेला 2026 केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि आधुनिक प्रबंधन, तकनीकी सशक्तिकरण और मानवीय संवेदनशीलता का सुदृढ़ उदाहरण है। राजस्थान पुलिस और प्रशासन की समन्वित कार्यशैली ने खाटूधाम को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धा के आदर्श केंद्र के रूप में स्थापित किया है।

- **सुगम यातायात और कलर-कोडेड पार्किंग**

प्रतिदिन 25 हजार से अधिक वाहनों की आवक को देखते हुए चार निःशुल्क पार्किंग स्थल–बावन बीघा (पीला), सांवलपुरा (हरा), लामिया रोड (नीला) और दातारामगढ़ (गुलाबी)–निर्धारित किए गए हैं। 2000 ई-रिक्शा 25 रुपये शुल्क पर श्रद्धालुओं को दर्शन स्थल तक पहुंचा रहे हैं, जिससे जाम की समस्या नियंत्रित है।

- **पदयात्रियों के लिए विशेष कॉरिडोर और सहायता व्यवस्था**

रींगस से खाटू तक 17 किमी लंबा वाहन-मुक्त पैदल मार्ग विकसित किया गया है। पेयजल, प्रकाश और विश्राम सुविधाओं के साथ 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित हैं।
हेल्पलाइनः 112 मोबाइलः 9667600788

- **चार दिन में 4 लाख से अधिक श्रद्धालु**

मेले के प्रारंभिक तीन दिनों में 4,10,316 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 75 फुट चौड़े मार्ग पर लगे गणना कैमरों से भीड़ का सटीक आकलन किया जा रहा है। 14 कतारों की सुव्यवस्थित व्यवस्था से दर्शन प्रक्रिया सुचारू बनी हुई है। 27 फरवरी को फाल्गुन एकादशी पर भव्य रथ यात्रा मुख्य आकर्षण होगी।

## न्यूज़ अपडेट

### जयपुर पुलिस आयुक्त 28 फरवरी को करेंगे जनसुनवाई

- **मानसरोवर सर्किल के थानों की समस्याओं का शिप्रापथ थाने पर होगा समाधान**
- **आमजन में विश्वास, अपराधियों में भय और कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने की पहल**

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 25 फरवरी।** शहर में शांति, सुरक्षा और सुदृढ़ कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल 28 फरवरी (शनिवार) को मानसरोवर सर्किल क्षेत्र की जनसुनवाई करेंगे। यह जनसुनवाई दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक शिप्रापथ थाना परिसर में आयोजित की जाएगी।इस जनसुनवाई में मानसरोवर सर्किल के अंतर्गत आने वाले शिप्रापथ, मानसरोवर, नारायण विहार, पत्रकार कॉलोनी एवं मुहाना थाना क्षेत्रों के परिवादियों की शिकायतें सुनी जाएंगी। पुलिस आयुक्त स्वयं उपस्थित रहकर आमजन की समस्याओं को सुनेंगे तथा संबंधित अधिकारियों को मौके पर आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे।

- **तत्काल निस्तारण पर रहेगा जोर**

जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय स्तर पर लंबित मामलों और जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है।इससे न केवल परिवादियों को शीघ्र राहत मिलेगी, बल्कि पुलिस प्रशासन के प्रति आमजन का विश्वास भी और मजबूत होगा।पुलिस आयुक्तालय की यह पहल ''आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय'' की नीति को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। नियमित जनसुनवाई के माध्यम से पुलिस-जन संवाद को सुदृढ़ करने और पारदर्शिता बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।आमजन से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अपनी समस्याएं सीधे पुलिस आयुक्त के समक्ष रख सकते हैं।

### नगरीय निकायों को बढ़ी हुई जनसंख्या के आधार पर मिलेगा अनुदान - स्वायत्त शासन राज्य मंत्री

**चमकता राजस्थान/जयपुर!(खलील कुरैशी) 25 फरवरी।** स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि प्रदेश के जिन नगरीय निकायों की सीमा और जनसंख्या में वृद्धी हुई है, उन्हें राज्य सरकार द्वारा बढ़ी हुई जनसंख्या के आधार पर ही अनुदान दिया जाएगा।स्वायत्त शासन राज्य मंत्री खर्रा प्रश्नकाल के दौरान सदस्य कुलदीप द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि नगरपालिकाओं की श्रेणीयों के क्रमोन्नयन तथा नगर परिषद में क्रमोन्नत करने के लिए अलग-अलग प्रावधान हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा को बी श्रेणी में क्रमोन्नत करने के लिए परीक्षण करवाया जाएगा। साथ ही, मापदंडों के अनुकूल होने पर क्रमोन्नयन पर विचार किया जाएगा। इससे पहले विधायक कुलदीप के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में स्वायत्त शासन राज्य मंत्री ने बताया कि नगर पालिका पावटा-प्रागपुरा को नगर परिषद में क्रमोन्त करने का कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस का विधानसभा घेराव, सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

**चंडीगढ़/एजेंसी।** कांग्रेस विधायक आज बीजेपी सरकार के खिलाफ मोर्चा निकालते हुए विधानसभा पहुंचे। सभी विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव किया। हाईकोर्ट चौक से विधानसभा तक निकाले गए इस रोष प्रदर्शन में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी मौजूद रहे। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस विधायकों ने एक हाथ में विभिन्न समस्याओं पर लिखी तख्तियां और दूसरे हाथ में झुनझुना लेकर नारेबाजी की। इस प्रतीकात्मक विरोध के माध्यम से कांग्रेस ने स्पष्ट संदेश दिया कि हरियाणा की जनता तमाम गंभीर समस्याओं से जूझ रही है, जबकि बीजेपी सरकार केवल झूठे वादों और खोखले दावों का झुंझना बजाने में व्यस्त है। कांग्रेस विधायकों ने सरकार से इन सभी मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि यदि जनता की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज होगा।

# शादीशुदा प्रेमिका के घर प्रेमी का तांडव, पेट्रोल छिड़क लगाई आग, खुद जिंदा जला; महिला...

अलीगढ़/संवाददाता।



यूपी के अलीगढ़ के शहर कोतवाली क्षेत्र के तुर्कमानगेट में शादीशुदा प्रेमिका के घर की तीसरी मंजिल पर पेट्रोल छिड़ककर प्रेमी ने आग लगा दी। जिसमें जेएन मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान प्रेमी युवक की मौत हो गई जबकि गंभीर हालत में महिला को दिल्ली रेफर किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, हड्डी गोदाम क्षेत्र के रहने वाले 26 वर्षीय युवक तुर्कमान गेट क्षेत्र के एक हार्डवेयर कारखाने में नौकरी करता था। इस दौरान उसकी मुलाकात कारखाना मालिक की पत्नी से हुई। दोनों के बीच नजदीकियां हो गईं। दोनों के संबंधों की भनक कारखाना मालिक को भी लग गई। इस पर उसने दो साल पहले युवक को नौकरी से निकाल दिया था। इसके बाद भी दोनों का मिलना-जुलना चलता रहा। सोमवार शाम घर से करीब 50 मीटर दूर मस्जिद में कारखाना मालिक नमाज पढ़ने गया था। उसके दोनों बेटे घर के बाहर खेल रहे थे। पत्नी तीसरी मंजिल पर बर्तन साफ कर रही थी। तभी युवक हाथ में पेट्रोल की बोतल लेकर घर में घुस गया। उसने अंदर से मैनगेट बंद कर लिया। इस दौरान तक किसी का ध्यान उस पर नहीं गया था। लेकिन कुछ देर बाद ही घर से चीख पुकार की आवाजें आने लगीं। थोड़े ही समय में आग की लपटें उठती देखीं। घर की तीसरी मंजिल पर दो लोगों को आग में जलता देख पड़ोसी दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने दरवाजा खटखटाया तो मेनगेट अंदर से बंद था। दोनों को बचाने का कोई और उपाय नहीं सूझा तो कुछ लोग पड़ोस की छत से घर के अंदर घुस गए। इसी दौरान महिला का पति भी घर आ गया। वह यह सब देखकर हैरान रह गया। जैसे-तैसे दोनों को बाहर निकाला गया और गंभीर हालत में दोनों को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया। इलाज के दौरान मंगलवार तड़के करीब पांच बजे युवक की मौत हो गई। जबकि गंभीर हालत में महिला को दिल्ली रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। उधर, मृत युवक के परिजनों ने ऑनर किलिंग का आरोप लगाया है। वे घटना की गहनता से जांच की मांग कर रहे हैं। इस घटना की इलाके में काफी चर्चा है। हर कोई घटना को लेकर हैरान है। अलीगढ़ के एएसपी मयंक पाठक ने कहा कि युवक और महिला झुलसे हुए मिले थे। युवक की मौत हो गई। महिला का इलाज चल रहा है। सीसीटीवी में युवक घर के अंदर हाथ में बोतल लेकर जाते दिखाई दे रहा है। दोनों पहले से एक दूसरे के परिचित थे। मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

(होली मेला) का भव्य शुभारंभ

# सचिवालय परिसर में 'राजीविका रंगोत्सव' की रंगारंग शुरुआत

## महिला स्वयं सहायता समूहों को मिला सशक्त बाजार मंच, 'राजसखी' ब्रांड को नई पहचान

### महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन, आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम वीं श्रीनिवास :- मुख्यसचिव

चमकता राजस्थान

जयपुर (खलील कुरैशी) ।महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के सशक्त विपणन, प्रभावी ब्रांडिंग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के उद्देश्य से आयोजित 'राजीविका रंगोत्सव (होली मेला)' का शासन सचिवालय परिसर में भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने किया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव (ग्रामीण विकास) श्रेया गुहा, राज्य मिशन निदेशक नेहा गिरि सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन, आत्मनिर्भरता की ओर मजबूत कदम मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने अपने संबोधन में कहा कि राजीविका द्वारा आयोजित ऐसे मंच महिला उद्यमिता को नई दिशा देते हैं और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की प्रतिबद्धता, गुणवत्ता और नवाचार की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भर राजस्थान की परिकल्पना से जोड़ा।अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रेया गुहा ने महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों को पारंपरिक कौशल और आधुनिक बाजार की आवश्यकताओं का उत्कृष्ट समन्वय बताया। उन्होंने कहा कि इन आयोजनों से महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ अपनी पहचान स्थापित करने का अवसर मिलता है।



- **महिला सशक्तिकरण की सशक्त पहल**

'राजीविका रंगोत्सव' का उद्देश्य महिला समूहों द्वारा संचालित उद्यमों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराना, 'राजसखी' ब्रांड को सुदृढ़ बनाना तथा राज्य में महिलाओं की आजीविका को स्थायित्व प्रदान करना है। यह आयोजन न केवल बिक्री वृद्धि का माध्यम है, बल्कि महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रभावी एवं दूरदर्शी पहल के रूप में स्थापित हो रहा है।

- **स्टॉल्स पर उमड़ा उत्साह, अधिकारियों ने लिया जायजा**

कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया और महिला उद्यमियों से संवाद कर उनके उत्पादों, पैकेजिंग, मूल्य निर्धारण एवं विपणन रणनीतियों की जानकारी प्राप्त की। राज्य मिशन निदेशक नेहा गिरि ने बताया कि इस प्रकार के प्रत्यक्ष विपणन मंच स्वयं सहायता समूहों को ग्राहकों से सीधा जुड़ाव प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें फीडबैक के आधार पर उत्पादों में सुधार और विस्तार का अवसर मिलता है।

- **13 जिलों की सहभागिता, इको-फ्रेंडली उत्पादों को प्राथमिकता**

यह रंगोत्सव 25 से 27 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के 13 जिलों से 15 स्वयं सहायता समूह भाग ले रहे हैं। कुल 10 स्टॉल्स पर हर्बल गुलाल, गुजिया, ठंडाई, पारंपरिक खाद्य सामग्री, हर्बल एवं प्राकृतिक उत्पाद, सजावटी एवं उपहार सामग्री, सॉफ्ट टॉयज, लकड़ी एवं क्रोशिया उत्पादों का प्रदर्शन और विक्रय किया जा रहा है। होली पर्व को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ इको-फ्रेंडली और हर्बल उत्पादों को विशेष महत्व दिया गया है।

खाचरियावास का भाजपा पर गंभीर आरोप : ''राजधानी में दंगे कराने की रची जा रही साजिश''

# जयपुर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा ने विधिवत रूप से संभाला पदभार

## पदभार ग्रहण समारोह में प्रदेश नेतृत्व की सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की रही मौजूदगी

## कानून-व्यवस्था ख़राब ट्राफिक संचालन व्यवस्था और किसान मुद्दों पर भाजपा सरकार को घेरा

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)**। जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील शर्मा के पदभार ग्रहण समारोह ने राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विधायक अमीन कागजी, रोहित बोहरा, अर्चना शर्मा सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह में उमड़ी भीड़ को कांग्रेस नेतृत्व ने संगठन में नई ऊर्जा और आगामी चुनावी तैयारियों का संकेत बताया।







### ● भारत-अमेरिका ट्रेड डील और किसान मुद्दा

प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील का मुद्दा उठाते हुए आशंका जताई कि इससे किसानों, छोटे व्यापारियों और स्थानीय उद्योगों को नुकसान हो सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत है।उन्होंने घोषणा की कि किसानों की समस्याओं को लेकर राहुल गांधी 9 मार्च को श्रीगंगानगर में किसान रैली को संबोधित करेंगे और कार्यकर्ताओं से रैली को सफल बनाने का आह्वान किया।

### एकजुटता, संगठन विस्तार और चुनावी रणनीति पर जोर

पदभार कार्यक्रम में नेताप्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित सभी नेताओं ने संगठन में एकजुटता, अनुशासन और सक्रियता बनाए रखने का आ''ान किया। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक समरसता, किसानों के अधिकार, महिलाओं की सुरक्षा और जनहित के मुद्दों पर कांग्रेस संघर्ष जारी रखेगी।समारोह ने स्पष्ट संकेत दिया कि जयपुर शहर कांग्रेस आगामी चुनावों को लेकर सक्रिय मोड में आ चुकी है और संगठनात्मक मजबूती के साथ राजनीतिक मुद्दों पर आक्रामक रणनीति अपनाने की तैयारी कर रही है।

### भीड़ से उत्साहित कांग्रेस नेतृत्व

पदभार ग्रहण समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी से कांग्रेस नेतृत्व उत्साहित नजर आया। डोटासरा ने कहा कि लंबे समय बाद जयपुर शहर कांग्रेस के कार्यक्रम में इतनी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दिखाई दिए हैं। उन्होंने इसे संगठनात्मक मजबूती और कार्यकर्ताओं की सक्रियता का सकारात्मक संकेत बताया।उन्होंने कार्यकर्ताओं को संदेश दिया कि आगामी निकाय और पंचायत चुनावों को लक्ष्य बनाकर अभी से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत किया जाए।संगठन सुदृढ़ीकरण का संकल्प समारोह के दौरान निवर्तमान अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी ने नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील शर्मा को पेन और कार्यालय की चाबी सौंपकर औपचारिक रूप से पदभार हस्तांतरित किया।प्रदेशाध्यक्ष डोटासरा ने मंच से कहा कि वर्तमान शहर कांग्रेस कार्यालय किराए के भवन में संचालित हो रहा है, इसलिए छह माह के भीतर स्वयं का स्थायी कार्यालय भवन तैयार किया जाए।नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील शर्मा ने आश्वस्त किया कि निर्धारित समयसीमा में जयपुर शहर कांग्रेस का अपना कार्यालय भवन तैयार कर लिया जाएगा और संगठन को नई दिशा दी जाएगी।

### कानून-व्यवस्था और ख़राब ट्रैफिक व्यवस्था पर सरकार को घेरा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपराध की घटनाएं बढ़ रही हैं, महिलाओं के विरुद्ध अत्याचार और दुष्कर्म के मामलों में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है।डोटासरा ने जयपुर की ट्रैफिक व्यवस्था को भी अव्यवस्थित बताते हुए कहा कि राजधानी की मूलभूत समस्याओं पर सरकार का ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक समन्वय की कमी साफ दिखाई दे रही है।

### जयपुर को अशांत करने की कोशिश, जनता रहे सतर्क : खाचरियावास

पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने अपने संबोधन में भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि राजधानी जयपुर में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि गाय के नाम पर दंगा भड़काने की कोशिशें की जा रही हैं, लेकिन जयपुर की जागरूक जनता ऐसी किसी भी साजिश को सफल नहीं होने देगी। उन्होंने दावा किया कि हाल के घटनाक्रमों में पकड़े गए कुछ अभियुक्त राजनीतिक रूप से जुड़े पाए गए हैं। खाचरियावास ने कहा कि मृत गोवंश को खाली मकानों में डालकर माहौल खराब करने का प्रयास किया गया, परंतु शहर की समझदार जनता ने संयम और एकजुटता का परिचय दिया।उन्होंने गोवंश हत्या के मामलों में पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि दोषियों को बचाने का प्रयास नहीं होना चाहिए। उन्होंने सरकार से निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की तथा चेतावनी दी कि यदि अपराधियों को संरक्षण दिया गया तो जनता इसका जवाब देगी।

---

## संक्षिप्त समाचार

### करौली पुलिस का ऑपरेशन शिकंजाः 15 साल से फरार 20 हजार का ईनामी जालसाज आगरा से दबोचा

**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी) 25 फरवरी।** महानिदेशक पुलिस के निर्देशानुसार अपराधियों और माफियाओं के विरुद्ध चलाए जा रहे ऑपरेशन शिकंजा के तहत करौली जिला पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला स्पेशल टीम ने जालसाजी और गबन के करीब आधा दर्जन मामलों में पिछले 15 वर्षों से फरार चल रहे 20,000 रुपये के ईनामी आरोपी अनूप जैन को उत्तर प्रदेश के आगरा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर रेंज कैलाश चन्द्र विश्नोई और एसपी करौली लोकेश सोनवाल के निर्देशन में जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला स्तर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र पाल सिंह के सुपरविजन में गठित डीएसटी टीम ने सटीक आसूचना संकलित कर इस शातिर जालसाज को शाहगंज, आगरा से दस्तयाब किया।

#### ● पोस्टमैन की नौकरी में किया था लाखों का गबन

पकड़ा गया आरोपी अनूप जैन पुत्र रिखवचंद जैन निवासी पटोंदा करौली वर्ष 2009-10 में ग्राम पटोंदा के डाकघर में पोस्टमैन के पद पर तैनात था। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पद पर रहते हुए कई लोगों की एफडी और पीएलआई पूर्ण होने पर फर्जी दस्तावेजों के जरिए पैसों का खुद भुगतान उठा लिया था। इस जालसाजी के विरुद्ध थाना श्रीमहावीरजी में धोखाधड़ी और दस्तावेजों की कूटरचना के करीब आधा दर्जन मामले दर्ज हुए थे।

#### ● पहचान बदलकर आगरा में काट रहा था फरारी

गबन की वारदातों के बाद आरोपी अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए गांव पटोंदा छोड़कर उत्तर प्रदेश भाग गया था। उसने पुलिस को चकमा देने के लिए आगरा के सरस्वती नगर शाहगंज में अपना ठिकाना बनाया और वहाँ का फर्जी आधार कार्ड भी बनवा लिया। 15 सालों तक वह अपनी पहचान छुपाकर मजदूरी का काम कर रहा था। हाल ही में 14 फरवरी 2026 को एसपी करौली ने इसकी गिरफ्तारी पर 20,000 रुपये का ईनाम घोषित किया था।

#### ● मजदूरों की चौपाटी से डीएसटी टीम ने बिछाया जाल

डीएसटी प्रभारी एएसआई रामकुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल रविकुमार को आगरा भेजा गया था। खुफिया जानकारी मिली कि आरोपी वर्तमान में बोदला तिराहा पर मजदूरों की चौपाटी पर काम की तलाश में आता है। 23 फरवरी को जब आरोपी मजदूरी नहीं मिलने के कारण अपने निवास स्थान सरस्वती नगर में मौजूद था, तभी डीएसटी टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। आरोपी को दस्तयाब कर थाना श्रीमहावीरजी लाया गया, जहाँ उसे अग्रिम कानूनी कार्यवाही हेतु थानाधिकारी को सुपुर्द कर दिया गया है।

---


घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग पर कड़ा प्रहार

# विशेष प्रवर्तन अभियान में 111 सिलेंडर जब्त, अवैध रिफिलिंग उपकरण बरामद

## पारदर्शी गैस आपूर्ति एवं सब्सिडी प्रणाली की सुरक्षा हेतु प्रशासन की सख्त कार्रवाईः प्रियव्रत सिंह चारण

चमकता राजस्थान

**जयपुर।(खलील कुरैशी) 25 फरवरी।** घरेलू एलपीजी सिलेंडरों के व्यवसायिक दुरुपयोग, अवैध रिफिलिंग, भंडारण एवं कालाबाजारी पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जयपुर जिले में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा विशेष अभियान संचालित किया गया। यह कार्रवाई मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना की पारदर्शिता एवं एलपीजी वितरण प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन एवं जिला रसद अधिकारी जयपुर प्रथम प्रियव्रत सिंह चारण के नेतृत्व में गठित तीन सतर्कता दलों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सघन निरीक्षण एवं दबिश दी। संयुक्त कार्रवाई के दौरान कुल 111 घरेलू एवं व्यवसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इसके साथ ही एक पिकअप वाहन, अवैध रिफिलिंग में प्रयुक्त मोटर मय रबर पाइप व नोजल, एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, 28 रेगुलेटर, एक मोबाइल फोन एवं एक डायरी भी बरामद की गई।





#### ● प्रकरणों में नियमानुसार अग्रिम कानूनी कार्रवाई जारी है

प्रताप नगर व झोटवाड़ा में बड़ी कार्रवाई सतर्कता दल ''ए* प्रताप नगर सेक्टर-28 स्थित कृष्णा अपार्टमेंट के पीछे झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में दबिश देकर अवैध क्रय-विक्रय एवं भंडारण का खुलासा किया। यहां से 67 गैस सिलेंडर, एक पिकअप वाहन, मोबाइल व डायरी जब्त की गई।

झोटवाड़ा क्षेत्र में होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकान एवं फैक्ट्री सहित 4 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर 11 घरेलू सिलेंडर एवं 4 रेगुलेटर जब्त किए गए।

#### ● आमेर, सांगानेर व मालवीय नगर में जांच

सतर्कता दल ''बी'' ने आमेर कुंडा, सांगानेर एवं मालवीय नगर क्षेत्रों में 8 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 19 घरेलू गैस सिलेंडर एवं 18 रेगुलेटर मय रबर पाइप जब्त किए। यह कार्रवाई घरेलू सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

#### ● अवैध रिफिलिंग गिरोह पर प्रहार

सतर्कता दल ''सी'' ने आमेर स्थित महसो का मोहल्ला क्षेत्र में अवैध गैस रिफिलिंग करते हुए 4 घरेलू सिलेंडर, इलेक्ट्रिक मोटर, रिफिलिंग पाइप, इलेक्ट्रॉनिक कांटा व अन्य उपकरण जब्त किए। मामले में संलिप्त एक व्यक्ति के विरुद्ध संबंधित पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई। इसके अतिरिक्त चांदपोल क्षेत्र में 6 व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से 10 घरेलू सिलेंडर एवं 6 रेगुलेटर बरामद किए गए।

#### ● निरंतर जारी रहेगा अभियान

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि घरेलू एलपीजी के दुरुपयोग, अवैध भंडारण एवं कालाबाजारी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। प्रशासन का उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को सुरक्षित, पारदर्शी एवं निर्बाध गैस आपूर्ति उपलब्ध कराना है, ताकि सब्सिडी का लाभ पात्र हितग्राहियों तक सुनिश्चित रूप से पहुंच सके।

---

### माली-सैनी समाज का विधानसभा घेराव

- 12 प्रतिशत अलग आरक्षण सहीत 11 सूत्रीय की मांगों पर जयपुर में शक्ति प्रदर्शन
- 22 गोदाम से निकली यात्रा, गांधीवादी तरीके से आंदोलन का ऐलान



**चमकता राजस्थान/जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजधानी जयपुर बुधवार को माली, सैनी, कुशवाह, शाक्य, मौर्य और सुमन समाज के हजारों लोगों के जुटान का साक्षी बनी। 12 प्रतिशत अलग आरक्षण की मांग को लेकर समाज ने विधानसभा घेराव का आ''ान किया। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए समाजजन 22 गोदाम सर्कल के पास एकत्रित हुए और वहां से संगठित रूप से विधानसभा की ओर कूच किया।यह प्रदर्शन आरक्षण संघर्ष समिति के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें समाज की 11 सूत्रीय मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। भरतपुर के गंधार क्षेत्र से निकाली गई जन अधिकार यात्रा गांव-गांव, कस्बों और शहरों से गुजरते हुए जयपुर पहुंची। यात्रा का उद्देश्य समाज की मांगों के प्रति जनसमर्थन जुटाना और सरकार का ध्यान आकर्षित करना रहा।

#### ● बस्सी से घाट की गूणी होते हुए 22 गोदाम पहुंची यात्रा

आरक्षण संघर्ष समिति के संगठन महामंत्री विनोद भूदोली ने बताया कि यात्रा बस्सी से होते हुए जयपुर घाट की गूणी पहुंची थी। बुधवार को वहीं से 22 गोदाम पहुंचकर विधानसभा घेराव के लिए आगे बढ़ी। उन्होंने कहा कि आंदोलन पूर्णतः गांधीवादी तरीके से किया जा रहा है। समाज शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को रख रहा है, लेकिन यदि सरकार ने सकारात्मक पहल नहीं की तो प्रदेशव्यापी आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

#### ● 11 सूत्रीय मांगों में प्रमुख मुद्दे

समाज द्वारा प्रस्तुत 11 सूत्रीय मांगों में निम्न प्रमुख बिंदु शामिल हैंःमाली-सैनी सहित संबंधित समाजों को 12 प्रतिशत अलग आरक्षण महात्मा ज्योतिबा फुले और संत लिखमीदास महाराज की जन्मस्थली को राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा महात्मा ज्योतिबा फुले शोध संस्थान की स्थापना ओबीसी वर्ग के लिए विशेष कानून का निर्माण फुले दंपती संग्रहालय का निर्माण राज्य में बागवानी बोर्ड का गठन महाराजा सूरजमल बोर्ड का गठन महात्मा फुले फाउंडेशन की स्थापना फल एवं सब्जी मंडियों में समाज को प्राथमिकता सरकार पर बढ़ा दबाव विधानसभा घेराव के इस शक्ति प्रदर्शन ने सरकार पर राजनीतिक और सामाजिक दबाव बढ़ा दिया है। बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी ने आंदोलन को व्यापक स्वरूप दिया। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि यह केवल आरक्षण की मांग नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समान अवसर की लड़ाई है।अब निगाहें राज्य सरकार की प्रतिक्रिया पर टिकी हैं कि वह इन मांगों पर किस प्रकार का निर्णय लेती है। यदि मांगों पर सकारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन को प्रदेशभर में विस्तार देने की चेतावनी भी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### कॉमरेड उमरावमल पुरोहित की जयंती पर 1 मार्च को नि:शुल्क मेगा सुपरस्पेशलिटी चिकित्सा शिविर का आयोजन

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** शाखा अध्यक्ष प्रेम नारायण ने बताया कि नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉईज यूनियन (NWREU) और जेएनयू (JNU) सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में 1 मार्च 2026 (रविवार) को जगतपुरा रेलवे कॉलोनी में एक विशाल नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर कॉमरेड उमरावमल पुरोहित जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।

यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य रेल कर्मचारियों और उनके परिवारजन को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

सहायक महासचिव राजीव सारण ने बताया कि इस चिकित्सा जांच शिविर में जेएनयू के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे, जो कि कान, नाक, गला (ENT), प्रसूति एवं स्त्री रोग, त्वचा रोग, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण, नेत्र रोग, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, रेटिनल रोग एवं अन्य आंखों से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श देंगे। परामर्श के साथ-साथ शिविर के दौरान मरीजों के लिए ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ई.सी.जी. (ECG), हेपेटाइटिस-बी स्क्रीनिंग और महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर की जांचें पूरी तरह नि:शुल्क की जाएंगी।

शिविर को सफल बनाने में यूनियन की मीना सक्सेना, इन्द्पाल सिंह तंवर, नारायण सिंह, उत्तम बाथरा, सोनल माथुर, नूतन प्रकाश प्रजापति, मनोज कुमार मीना, शंकर लाल यादव, धर्मेश बैरवा, पवन जुनेजा, समित प्रताप सिंह, शुभम भारद्वाज, महेश बोहरा, शिव कुमार, पारुल माथुर, आरती अग्रवाल आदि सदस्य सक्रियता से जुटे हुए हैं।

### कृषि कार्य करते किसान की मौत उन्हेल थाना क्षेत्र के सेदरा गांव का मामला

**चमकता राजस्थान/उन्हेल नागेश्वर/गोवर्धन सिंह।** कृषि कार्य करते किसान की मौत उन्हेल थाना प्रभारी रामकरण कटारिया ने बताया कि मृतक के परिजनों के आधार पर मृतक शिवलाल शर्मा उम्र 60 वर्ष निवासी सेदरा अपने खेत पर कृषि कार्य कर रहा था कार्य करते हुए बेहोश हो गया सुचना पर परिजनों की मदद से सीएचसी चौमहला लेकर गए जहा डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया उन्हेल पुलिस ने मृतक शिवलाल का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया और मृग दर्ज कर जांच शुरू की।

### 33.70 ग्राम एमडी के साथ युवक गिरफ्तार दो मोबाइल जप्त

**चमकता राजस्थान/डग-25फरवरी(कुन्दन व्यास)।** जिला उपाधीक्षक अमित कुमार बुडानिया के द्वारा अवैध मादक पदार्थ को लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डग पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक युवक को एमडी सहित किया गिरफ्तार।आरोपी के कब्जे से 33.70 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडी तथा दो मोबाइल जब्त कीये। जिला पुलिस अधीक्षक अमित बुडानिया ने बताया की 23 फरवरी 2026 को डग थाना पुलिस गश्त पर थी इसी दौरान उदयपुर से कल्याणपुर जाने वाले कच्चे मार्ग पर संदिग्ध गतिविधि सूचना पर कारवाई की गई जिसमें पुलिस ने मौके पर राहुल सेन पिता श्यामलाल निवासी उदयपुर थाना डग जिला झालावाड़ को रोककर तलाशी ली जिसके कब्जे से 33.70ग्राम एमडी मादक पदार्थ बरामद कीया। आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर एन.डी.पि.एस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थ के तस्करों के विरुद्ध चलाऐ जा रहे अभियान से अपराधियों में भय व्याप्त है।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भागचंद मीणा तथा पुलिस उप अधीक्षक हेमंत कुमार गौतम के सुपरविजन में थाना अधिकारी भंवर सिंह के नेतृत्व मैं टीम कार्रवाई को अंजाम दिया।विशेष टीम में पुलिस निरीक्षक भंवर सिंह गुर्जर पुलिस थाना डग,विनोद,विनोद कुमार,बिजेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

### 28 फरवरी को अजमेर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन पर तैयारी का जायजा लेने पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ कार्यकर्ताओं से की मुलाकात




**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर/अजमेर।** भाजपा मुख्यालय अजमेर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अजमेर जिले के भाजपा पदाधिकारियों कार्यकताओं की बैठक को संबोधित कर देश के प्रधान सेवक नरेन्द्र मोदी के अजमेर आगमन को लेकर तैयारी को लेकर संवाद किया बैठक में प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम भूपेंद्र सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गेना छगन माहुर जिला अध्यक्ष देहात जीतमल प्रजापत जी शहर अध्यक्ष रमेश सोनी प्रदेश प्रवक्ता अरविंद गिरधर शर्मा जी राज्य मंत्री ओमप्रकाश भडाना जी जिला सह प्रभारी शिवांगी कानावत जिला महामंत्री अर्जुन नलिय जी सुभाष वर्मा जी अत्तर जी बैठक में उपस्थित रहे

### रिलायंस जियो ने राजस्थान में शुरू किया 'एआई-रेडी स्कूल' अभियान

- राज्य के 1100 से ज्यादा स्कूल जुड़े 'एआई-रेडी स्कूल' कैंपेन से

**चमकता राजस्थान/जयपुर।** रिलायंस जियो ने जियो इंस्टीट्यूट के साथ मिलकर राजस्थान में 'एआई-रेडी स्कूल' अभियान की शुरुआत की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य राजस्थान के स्कूलों में डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देना और छात्रों को भविष्य की तकनीक के लिए तैयार करना है। इस अभियान से अब तक राज्य के 1100 से ज्यादा स्कूल जुड़ चुके हैं। इस पहल के तहत छात्रों और शिक्षकों को चार हफ्तों का एक मुफ्त ऑनलाइन कोर्स कराया जा रहा है। इसमें उन्हें जेमिनी 3, चैटजीपीटी और एडोब एक्सप्रेस जैसे आधुनिक एआई टूल्स का इस्तेमाल करना सिखाया जाएगा। इस कोर्स में छात्रों को एआई के बुनियादी नियम और प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग जैसी नई तकनीकें सिखाई जा रही हैं, ताकि वे आने वाले समय की जरूरतों के लिए तैयार हो सकें। जो स्कूल अपने 100 या उससे ज्यादा छात्रों को यह कोर्स सफलतापूर्वक पूरा करा लेते हैं, उन्हें जियो इंस्टीट्यूट की तरफ से 'एआई-रेडी स्कूल' का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। अब तक राजस्थान के 25 से ज्यादा स्कूलों को यह सर्टिफिकेट मिल चुका है।

खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ करेंगे उद्घाटन

# 20वी ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल आज से

- देश की शीर्ष दस टीमें लेंगी भाग
- राजस्थान टीम की कमान पूजा कंवर को

चमकता राजस्थान



जयपुर। युवा मामले एवं खेल तथा उद्योग मंत्री, राजस्थान सरकार व ओलम्पिक रजत पदक विजेता कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ गुरुवार की शाम 5 बजे सवाई मान सिंह इंडोर स्टेडियम में आयोजित हो रही तीन दिवसीय 20वी ऑल इंडिया हनुमान सिंह महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप-2025-26 के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल, भारतीय महिला हैंडबॉल टीम के हेड कोच सचिन चौधरी भी मौजूद रहेंगे।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि लोकप्रिय राज्य कर्मचारी नेता एवं कुशल खेल प्रशासन रहे स्व. हनुमान सिंह की स्मृति में हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान में राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ एवं हनुमान सिंह फाउंडेशन द्वारा इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मेजबान राजस्थान सहित देश की 10 शीर्ष टीमें हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, नॉर्दर्न रेलवे, बीएसएफ, सीआईएसएफ व एलपीयू-फगवाड़ा भाग ले रही है।

उन्होंने बताया कि सभी टीमों को दो पूल पूल ए:- राजस्थान, उत्तर प्रदेश, सीआईएसएफ, एलपीयू-फगवाड़ा, दिल्ली, पूल बी:- बीएसएफ, नॉर्दर्न रेलवे, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब में बांटा गया है। प्रतियोगिता लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जायेगी।प्रतियोगिता के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को हनुमान सिंह ट्रॉफी से सम्मानित किया जाएगा।

गुरुवार सुबह से मैच शुरू हो जायेंगे, जो इस प्रकार है:- एलपीयू-फगवाड़ा बनाम दिल्ली, राजस्थान बनाम उत्तर प्रदेश, बीएसएफ बनाम नॉर्दर्न रेलवे, हिमाचल प्रदेश बनाम पंजाब, सीआईएसएफ बनाम दिल्ली, बीएसएफ बनाम हरियाणा, नॉर्दर्न रेलवे बनाम पंजाब, राजस्थान बनाम सीआईएसएफ, उत्तर प्रदेश बनाम दिल्ली व नॉर्दर्न रेलवे बनाम हिमाचल प्रदेश।

राजस्थान टीम:- पूजा कंवर (कप्तान), वर्षा जाखड़, रुक्मणी बीठू, रेखा, कशिश शर्मा, नोरती कुमारी मेवाडा, रेखा चौधरी, ममता, काजल गुर्जर, पूजा जाट, कनिका रॉय, मानसी रावत, रेखा, गुड्डी। कोच:- मनीषा राठौड़। फिजियो:- प्रेरणा हर्ष, एसएनसी:- परमदीप सिंह, साइक्लोजिस्ट:- मलाइका गुप्ता।

### 12% आरक्षण की मांग को लेकर विधानसभा घेराव

- भरतपुर से सैकड़ों सैनी समाज के लोग जयपुर पहुंचे




**चमकता राजस्थान/भरतपुर। श्याम सुन्दर वर्मन।** 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आज विधानसभा घेराव के दौरान भरतपुर जिले से सैनी समाज के सैकड़ों लोग जयपुर पहुंचे। जयपुर के 22 गोदाम क्षेत्र में सैनी समाज के हजारों लोगों ने एकत्र होकर धरना दिया और अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। धरने के दौरान आरक्षण संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच कई दौर की वार्ता हुई, लेकिन वार्ता बेनतीजा रही। इस अवसर पर आरक्षण संघर्ष समिति भरतपुर के अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार हमारी 11 सूत्री मांगों पर शीघ्र और सकारात्मक निर्णय ले, अन्यथा आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

सभा में साहब सिंह सैनी (एडवोकेट), खुशहाल सैनी, यदराज सैनी, नथुली (सरपंच), बाबूलाल सैनी, राजेश सैनी, टीटू सैनी, शिवा सैनी, दीपक, ओमवीर सैनी, प्रदीप सैनी, मदन सैनी, लोकेंद्र सैनी, अशोक सैनी, चंद्रभान सैनी, परमानंद प्रीतम सैनी हुकम सैनी जगदीश सैनी चंद्र सैनी यादराम सैनी मनोज सैनी सहित सैकड़ों समाजबंधु उपस्थित रहे। सैनी समाज ने एक स्वर में 12% आरक्षण की मांग को न्यायोचित बताते हुए सरकार से शीघ्र समाधान की अपील की।

# एनएसयूआई जोधपुर का 11 सूत्रीय मांगों को लेकर अर्धनग्न प्रदर्शन,

युवा कांग्रेस अध्यक्ष की रिहाई की मांग प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला जलाया

चमकता राजस्थान





मनीष मेहता जोधपुर। जोधपुर में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट के बाहर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) एनएसयूआई जोधपुर कार्यकर्ताओं जिलाध्यक्ष डॉ. बबलू सोलंकी के नेतृत्व में राजस्थान के युवाओं की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया इस दौरान कुछ कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से शर्टलेस होकर विरोध दर्ज कराया साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का पुतला भी जलाया

प्रदर्शनकारियों ने भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी का विरोध करते हुए उनकी शीघ्र रिहाई की मांग की।

जिलाध्यक्ष डॉ. बबलू सोलंकी बताया यह आंदोलन केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी का विरोध नहीं, बल्कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य और पारदर्शी भर्ती प्रणाली की लड़ाई है। उन्होंने बताया कि ज्ञापन में ओएमआर शीट प्रकरण की सीबीआई जांच, रोस्टर रजिस्टर लागू कर पूर्ण आरक्षण सुनिश्चित करना, कोचिंग बिल लागू करना, बेरोजगारी भत्ता जारी करना और छात्रसंघ चुनाव बहाल करना प्रमुख मांगें हैं। इसके अतिरिक्त एसआई भर्ती में इंटरव्यू समाप्त करने, ''एक परीक्षाझ्एक पेपर'' प्रणाली लागू करने, सीईटी का नियमित आयोजन, एससी-एसटी-ओबीसी-एमबीसी वर्ग के छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति जारी करने तथा भर्ती बोर्डों में सुधार की मांग भी शामिल है।

### नाडोल के विश्व भारती स्कूल में रात को चोरी, नकदी व कैमरे सहित मूर्तियां ले गए चोर



**चमकता राजस्थान/मोहन भटनागर/नाडोल (पाली)।** कस्बे के विश्व भारती उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलते हुए विद्यालय परिसर में तोड़फोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घटना 24 फरवरी 2026 की रात की बताई जा रही है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुलिस थाना रानी को दी गई रिपोर्ट के अनुसार चोरों ने मुख्य कार्यालय, प्रधानाचार्य कक्ष, प्राध्यापिका कक्ष व विज्ञान स्टोर रूम सहित कई कमरों के ताले तोड़ दिए। अलमारियों और दराजों को खंगालते हुए विद्यालय के महत्वपूर्ण रिकॉर्ड बिखेर दिए।

चोर स्कूल का Nikon DSLR कैमरा, सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर तथा कार्यालय में रखी नकदी 62,500 रुपये चोरी कर ले गए। इसके अलावा कार्यालय सहायक की दराज से 20,000 रुपये भी पार कर दिए। पूजा स्थल में रखी पंचधातु की श्रीकृष्ण की दो मूर्तियां और तांबे का छोटा कलश भी चुरा लिया गया। विद्यालय प्रशासन ने इसे शिक्षा मंदिर में हुई गंभीर वारदात बताते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम जारोड़ा कलां में 'सृजन की सुरक्षा' अभियान के तहत हरित बालिका के जन्म पर हुआ पौधारोपण




**चमकता राजस्थान/मेड़ता रोड/एजाज़ अहमद उस्मानी।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेड़ता अरूण कुमार बेरीवाल (जिला एवं सत्र न्यायाधीश) के निर्देशानुसार तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेड़ता स्वाति शर्मा के तत्वावधान में आज दिनांक 25 फरवरी 2026 को ग्राम जारोड़ा कलां में विशेष पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 'रालसा वन व बालिका वर्ष 2025 सृजन की सुरक्षा' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जो पिपलांत्री मॉडल (राजसमंद जिले का एक आदर्श गांव) से प्रेरित है। यह मॉडल ईको-फेमिनिज्म के सिद्धांतों पर आधारित है, जिसमें बालिका के जन्म को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया जाता है। कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, जारोड़ा के मैदान में किया गया। इस अवसर पर 'अधिकार मित्र' जुगल सिंह ने 'सृजन की सुरक्षा' अभियान के उद्देश्यों और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ग्राम जारोड़ा कलां में प्रत्येक बालिका के जन्म पर पौधारोपण किया जाएगा तथा उसे ''हरित बालिका विशिष्ट पहचान पत्र'' प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान दो बालिकाओं के जन्म उपरांत कुल 22 पौधे लगाए गए। हरित बालिका आयुषी मुण्डेल के पिता कैलाश मुण्डेल को मंच पर 'हरित बालिका विशिष्ट पहचान पत्र' प्रदान किया गया।

# लोकायुक्त की जांच से बोखलाए रऊअ अधिकारी: शिकायतकर्ता के घर की कराई 'रेकी' CCTV में कैद हुई आरोपी मेट लाल बहादुर की संदिग्ध गतिविधि

चमकता राजस्थान



**अब्दुल खालिद/सहारनपुर।** सहारनपुर विकास प्राधिकरण (SDA) में व्याप्त भ्रष्टाचार और अवैध निर्माणों के खिलाफ आवाज उठाना एक शिकायतकर्ता के सामने संकट का सबब बन गया है। मामला तब और गंभीर हो गया जब लोकायुक्त लखनऊ ने रऊअ के सचिव, एठ, एई (AE), जेई (JE) और अन्य कर्मचारियों के खिलाफ प्राप्त शिकायत का संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण से जवाब तलब किया। लोकायुक्त की इस सक्रियता से विभाग में हड़कंप मच गया और खुद को कानूनी शिकंजे में फंसता देख रऊअ के अधिकारी अब 'साम-दाम-दंड-भेद' की नीति पर उतर आए हैं। आरोप है कि अपनी गर्दन बचाने के लिए अधिकारियों ने शिकायत में नामजद आरोपी मेट लाल बहादुर को शिकायतकर्ता के घर की रेकी करने के लिए भेजा। यह पूरी संदिग्ध गतिविधि शिकायतकर्ता के घर के बाहर लगे सीसीटीवी (CCTV) कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी मेट स्पष्ट रूप से घर के आसपास मंडराता नजर आ रहा है। इस घटना के बाद से शिकायतकर्ता और उसका परिवार असहज महसूस कर रहा है। सूत्रों का कहना है कि प्राधिकरण के उच्चाधिकारी इस कदर बौखलाए हुए हैं कि वे शिकायत वापस करवाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। हिम्मत जुटाकर शिकायतकर्ता ने अब साक्ष्यों के साथ पुन: लोकायुक्त को पत्र लिखकर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाने और 'दबंगता' पर उतारू भ्रष्ट अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया है, ताकि भ्रष्टाचार के खिलाफ उठने वाली आवाजों को इस तरह दबाया न जा सके। शिकायतकर्ता ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा भ्रष्ट अधिकारी मेरे खिलाफ षड्यंत्र ही करेंगे, कोई बात नहीं सच्चाई की राह पर चलने पर कठिनाई तो उठानी पड़ती है उसका भी डटकर सामना करेंगे लेकिन भ्रष्टाचार के खिलाफ कानूनी शिकंजे से कोई भ्रष्टाचारी अधिकारी, कर्मचारी नहीं बचेगा।

साहित्यकारों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे

# सिन्धी अकादमी द्वारा मासिक अदबी गोष्ठी आयोजित

चमकता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान सिन्धी अकादमी द्वारा झालाना संस्थानिक क्षेत्र, जयपुर स्थित अकादमी संकुल में बुधवार, 25 फरवरी, 2026 को मासिक अदबी गोष्ठी का आयोजन किया गया।

अकादमी सचिव डॉ.रजनीष हर्ष ने बताया कि गोष्ठी की अध्यक्षता जयपुर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. खेमचंद गोकलानी ने की। गोष्ठी में जयपुर की वरिष्ठ कवियत्री वीना करमचंदानी ने स्वरचित कवितायें 'भगवान माउ न आहे', 'औरत जी खिल' तथा अन्य कवितायें प्रस्तुत की। उन्होंने अपनी कविताओं में मां की महिमा एवं स्त्री के हंसने-हंसाने के आन्तरिक भावों तथा दु:ख बांटनें संबंधी विषयों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। पूजा चंदवानी ने 'महाशिवरात्रिअ जी पौराणिक अहिमियत' विषयक आलेख में महाशिवरात्रि पर्व से संबंधित अलग-2 पौराणिक कथाओं व उनके महत्व की विस्तृत विवेचना की। प्रिया ज्ञानानी ने 'विश्व कैंसर दिवस' विषयक आलेख में कैंसर के कारणों एवं प्रारंभिक रोकथाम के उपायों पर विस्तार से विवेचन किया। गोष्ठी में कविता सचदेव ने स्वरचित सिन्धी लघुकथा 'आसरो' प्रस्तुत की। उन्होंने अपनी कहानी में पति की सेवा व ईश्वर में आस्था का सुन्दर निरूपण किया। डा.पूनम केसवानी ने अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कवितायें प्रस्तुत की। उन्होंने मातृभाषा को जड़ां से जोड़ने तथा विविधता में एकता की भावना को विकसित करने वाला बताया। निवाई की योग्यता इसरानी ने 'बर्ख़ साहितकार कृष्ण राहीअ जो रचना संसार' विषयक आलेख में साहित्यकार कृष्ण राही के जीवन चरित्र एवं रचना संसार को विस्तार से प्रस्तुत किया। गोष्ठी के उपरान्त फागोत्सव भी मनाया गया। गोष्ठी में वरिष्ठ साहित्यकार रमेश रंगानी, नन्दिनी पंजवानी, डॉ.हरि जे.मंगलानी, पार्वती भागवानी, लता कृपलानी, गोपाल, वंदिता आहूजा, कविता सचदेव, नमीषा खेमनानी, हेमनदास, रिन्ने मीराजा, दयाल इसरानी, महेश किशनानी, कविता इसरानी, अशोक चैनलाल आहूजा तथा सिन्धी भाषी साहित्यकार, पत्रकार, अकादमी के पूर्व सदस्य एवं समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। गोष्ठी का संचालन डॉ.माला कैलाश ने किया।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929